दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 24 अक्टूबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 302 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात

## दिल्ली-सहारनपुर हाईवे का मामला उठाया और रख दी गुणवत्ता की जांच की मांग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग लोकसभा सांसद बनने के बाद से लगातार विकास के विजन पर काम रहे हैं। उन्होंने दिशा की बैठक में स्पष्ट संकेत दिये कि विकास का मैप क्या होगा। वो लोनी से लेकर मुरादनगर के देहात तक उन समस्याओं पर फोकस कर रहे हैं जो जनहित में सुलझने जरूरी है। उन्होंने लोनी की जनता से वादा किया था कि दिल्ली-सहारनपुर हाइवे का मामला उठाएंगे। इस सड़क का निस्तारण करेंगे और अतुल गर्ग अपने वादे के पक्के हैं। उन्होंने दिल्ली में अपनी लोकसभा की विधानसभा क्षेत्र लोनी को लेकर बात की। अतुल गर्ग ने यहां सड़क का मामला उठाया। अतुल गर्ग की खूबी है कि वो विकास के मामले में पूरा मेटर अपने लेटर के जरिए रखते हैं। विकास अपडेट फाइल रखते हैं और इसी कड़ी में उन्होंने दिल्ली में सड़क परिवहन और राज मार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। अतुल गर्ग ने नितिन गडकरी से मुलाकात में लोनी की सड़क का हाल बया किया। उन्हें बताया कि लोनी विधानसभा से गुजरने वाला दिल्ली सहारपुर राजमार्ग गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में आता है। अतुल गर्ग ने ये समझाया कि इस राज मार्ग पर गलत तरीके से नाली निर्माण के कारण राज मार्ग का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। अतुल गर्ग ने इस मामले को लेकर अपनी शिकायत भी लिखित में दी और इस कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के इस कदम के बाद कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही के आदेश दिये।

# गाजियाबाद की हवा हो गई है अभी से बेहद जहरीली

## इंदिरापुरम से लेकर लोनी तक है बहुत बुरा हाल



### ग्रेप एक लागू होने के बाद भी नहीं दिख रहा है असर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मौसम बदल रहा है और वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद खतरनाक होती चली जा रही है। बुधवार को गाजियाबाद देश के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर रहा। गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स बुधवार को 300 के पार दर्ज किया गया है।

गाजियाबाद का वायु प्रदूषण दिनों दिन बेहद खराब होता जा रहा है। बीते दिनों यहां प्रशासन ने ग्रेप एक लागू कर दिया था। इसको लेकर तमाम तरह की पाबंदियां और सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए थे। गाजियाबाद के अंतर्गत एयर क्वालिटी मापने के कई स्थानों पर यंत्र लगे हुए हैं। जहां चारों ही स्थान की वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब दर्ज की गई है।

### इंदिरापुरम से लेकर लोनी और संजय नगर का है बुरा हाल

करंट क्राइम : गाजियाबाद में एयर क्वालिटी इंडेक्स का हाल बता रहा है कि अभी से वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खतरनाक हो गई है। वायु प्रदूषण 300 के पार पहुंच चुका है। बुधवार को इंदिरापुरम का एयर क्वालिटी इंडेक्स 333, लोनी 316, संजय नगर 233 और वसुंधरा 326 दर्ज किया गया। इसमें लोनी, इंदिरापुरम और वसुंधरा की स्थिति बेहद खतरनाक है।

### प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए गाइडलाइन



- पानी के छिड़काव के लिए टैंकर नियमित रूप से कूडा उठाएं।
- स्वीपिंग रोस्टर सड़कों की धुलाई कराए।
- नगर निगम, नगर पालिका, आवास विकास परिषद, यूपीसीडी निर्माणधीन कंस्ट्रक्शन, जिसका एरिया 2000 वर्ग मीटर से अधिक है, पीटीजेड कैमरे की स्थापना करें।
- जिले की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त की जाएं और प्राथमिकता से इसे किया जाए।
- जिले में नगर निगम, नगर निकाय, नगर पंचायत खुले में कूड़ा न डाले।
- स्वच्छ वायु ऐप, फेसबुक, आदि के माध्यम से वायु प्रदूषण की शिकायतों का निस्तारण करें।

## हुई राहुल और अखिलेश के बीच गुपतगू और बन गई बात...



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस का दबाव अब काम आता दिख रहा है। सूत्रों के मुताबिक देर रात कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच बातचीत हुई है। उसके बाद अब माना जा रहा है कि समाजवादी पार्टी अब फूलपुर सीट कांग्रेस के लिए छोड़ सकती है।

समाजवादी पार्टी पहले ही कांग्रेस के लिए गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट छोड़ चुकी है और इसका औपचारिक ऐलान भी कर चुकी है। हालांकि, दो सीटें दिए जाने पर कांग्रेस असंतुष्ट नजर आ रही थी। कांग्रेस पार्टी की मांग थी कि फूलपुर सीट भी उसे दी जाए। मगर सपा ने फूलपुर से अपना उम्मीदवार पहले ही उतार दिया था। सपा ने पिछले चुनाव में महज 2000 वोटों से हारे मुस्तफा सिद्दीकी को फिर से फूलपुर से मैदान में उतारने का ऐलान किया था।

**आज दोपहर सीटों का ऐलान करेगी सपा :** अब सपा आज दोपहर तक कांग्रेस के लिए छोड़ी जाने वाली सभी सीटों का ऐलान कर देगी। उपचुनाव में कांग्रेस की तरफ से 5 सीटें दिए जाने की मांग की गई थी, लेकिन समाजवादी पार्टी की तरफ से 7 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया गया था। सपा के इस फैसले से कांग्रेस नाखुश देखी जा रही थी।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे, अजय राय और आराधना मिश्रा भी सपा नेताओं के संपर्क में थीं, लेकिन सपा दो से ज्यादा सीटें देने को तैयार नहीं थी।

**यूपी में 9 सीटों पर हो रहा है उपचुनाव :** यूपी में 10 विधानसभा सीटें खाली हैं। यहां अभी कुल 9 सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है। इनमें मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी, मिजार्पुर की मझवां, अयोध्या की मिल्कीपुर, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुजफ्फरनगर की मीरापुर और मुरादाबाद की कुंदरकी सीट शामिल हैं। हालांकि अभी मिल्कीपुर सीट पर तारीख का ऐलान नहीं हुआ है।

लगभग यह हो गया है कि कांग्रेस के हिस्से में तीन सीटें आ रही हैं। उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इन सभी सीटों पर नतीजों की घोषणा 23 नवंबर को होगी।

# भाजपा, सपा-कांग्रेस में किसी भी बड़े नेता ने नहीं लिया अब तक नामांकन पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट-56 पर उपचुनाव होना है और उपचुनाव से पहले नामांकन की प्रक्रिया चालू है। नामांकन की प्रक्रिया को अब केवल दो दिन शेष बचे हैं लेकिन अभी तक भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस तीनों ही दलों में से किसी भी प्रमुख फेस ने अब तक नामांकन पत्र नहीं खरीदा है। नामांकन पत्र किसी भी राष्ट्रीय पार्टी द्वारा ना लिए जाने की वजह से नामांकन की प्रक्रिया में अभी वह जोश और शोर भी नजर नहीं आ रहा है, जो चुनावी सीजन में दिखना चाहिए। उधर प्रशासन का कहना है कि नामांकन की प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक ही निहित है। संभावना जताई जा रही है कि जैसे ही भारतीय जनता पार्टी अपने प्रत्याशी की घोषणा करेगी, तो उसी के आगे पीछे सपा और कांग्रेस भी अपने पत्ते खोलने का काम करेगी। इसके बाद विधानसभा उपचुनाव-56 के लिए पार्टी द्वारा चुने गए उम्मीदवार अपना नामांकन करेंगे।

### अब तक बिके हैं 21 नामांकन पत्र

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद विधानसभा सीट-56 पर उपचुनाव के लिए बीते पांच दिनों के अंतर्गत 21 नामांकन पत्र की बिक्री होने की सूचना मिली है। इसमें क्षेत्रीय एवं निर्दलीय चेहरों ने अपने नामांकन पत्र खरीदने का काम किया है। उधर बुधवार को गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए विनय कुमार शर्मा पुत्र रामपाल निर्दलीय, यतेंद्र शर्मा पुत्र चंद्रभान शर्मा आजाद अधिकार सेवा एवं सोम प्रताप गहलोत पुत्र मंगल सिंह अखिल भारतीय राज आर्य सभा द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। नामांकन प्रक्रिया 18 अक्टूबर से शुरू हुई थी पहले दिन 6 नामांकन पत्र लिखे थे। तो दूसरे दिन 5, तीसरे दिन दो, चौथे दिन 5, पांचवें दिन तीन कुल मिलाकर अब तक 21 नामांकन पत्रों की बिक्री नामांकन निर्वाचन कार्यालय से हुई है।

## नामांकन प्रक्रिया के दो दिन हैं शेष







### आज और कल रहेगा नामांकन का जोर

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद सीट-56 पर विधानसभा का उपचुनाव होना है और गुरुवार-शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया का शोर रहने की पूरी संभावना है। उम्मीद की जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी और कई निर्दलीय प्रत्याशी अंतिम दो दिनों के दौरान ही अपना नामांकन खरीदने और उसको पूरा भरकर पत्र दाखिल करने का काम करेंगे।

### सुरक्षा का रहेगा पूरा प्रबंध, अधिकारियों ने ड्यूटी चार्ट का किया निरीक्षण

**करंट क्राइम :** नामांकन की प्रक्रिया के दौरान जिला मुख्यालय, पुलिस ऑफिस और कोर्ट के रास्ते में किसी प्रकार की असुविधा न हो, नामांकन के दौरान किसी प्रकार का वाद-विवाद ना हो, इसके लिए यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बुधवार को पुलिस के अधिकारियों ने यहां ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर और आरक्षियों की गणना करने के साथ ही उनके ड्यूटी पॉइंट की चार्ट के अनुसार जांच की गई है। इस दौरान सभी को निर्देश दिए गए हैं कि नामांकन की प्रक्रिया दो दिन ही शेष हैं। ऐसे में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, सुरक्षा के किसी भी मापदंड में कोई कोताही ना बरती जाए। इसके साथ ही यहां पुलिस वीडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी के जरिए भी निगरानी रखने का काम कर रही है। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिदिन तैनाती की जा रही है।

### बधाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान बुधवार दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने समाचार संपादक दीपक भाटी को दीपावली की अग्रिम बधाई दी।

# देहात से लेकर शहर तक लूट का आतंक मचाने वाला 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

## पुलिस ने बरामद किए लूटे हुए 10 कुंडल और टॉप्स





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पहले गाजियाबाद में लूट की वारदात और फिर पंजाब के लुधियाना शहर जाकर माल को खपाने का क्राइम करने वाले बदमाशों को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। गाजियाबाद में खासतौर पर सुबह के वक्त खेतों पर काम करने वाली महिलाओं और सुबह की सैर पर निकलने वाली महिलाओं को निशाना बनाने वाले शातिर 50 हजार के ईनामी बदमाश जितेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 50 हजार के इनामी बदमाश को डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी और एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम की टीम ने पकड़ने का काम किया है। बताया जा रहा है कि पंजाब के बटाला गुरदासपुर का रहने वाला जितेंद्र उर्फ रवि वारदात कर लुधियाना चला जाया करता था। पुलिस ने बुधवार को इस आरोपी द्वारा कारित की गई आधा दर्जन से अधिक वारदातों का खुलासा भी किया है।

### सुबह-सुबह वारदात करता था जितेंद्र



**करंट क्राइम :** देहात क्षेत्र के साथ ही सिटी क्षेत्र में वारदात के लिए जितेंद्र सुबह का समय चुनता था। देहात में उसने खेतों में काम करने वाली महिलाओं को निशाना बनाया। तो सिटी जोन के मधुबन बापूधाम क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर गई महिला को शिकार बनाया था। पुलिस का कहना है कि सुबह के वक्त चेकिंग कम रहती है और इसी का बदमाश जितेंद्र उर्फ रवि फायदा उठाता था।

### नंदग्राम के सिहानी गांव में किराए पर रहता था आरोपी

**करंट क्राइम :** डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है पकड़ा गया आरोपी जितेंद्र उर्फ रवि सिहानी गांव में किराए के मकान पर रहता था। जितेंद्र वारदात को अंजाम देने के बाद लुधियाना चला जाता था। बताया जा रहा है कि जितेंद्र ने गाजियाबाद के निवाड़ी, मुरादनगर, मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र और गौतम बुद्धनगर जिले में एक के बाद एक लूट महिलाओं के साथ की। वो ताबड़तोड़ वारदात में माहिर था। जितेंद्र के कब्जे से पुलिस ने 10 कुंडल और टॉप्स बरामद किए हैं। साथ ही इनको बेचकर जमा किए गए पैसे भी पुलिस ने आरोपी जितेंद्र से रिकवर किए हैं। पुलिस ने वह मोटरसाइकिल भी बरामद की है जिसको लेकर यह लूट की वारदात को अंजाम दिया करता था।

# कांग्रेस-सपा के गठबंधन पर संशय के बादल बरकरार



## कुछ पता नहीं किस दल से बनेगा कौन चेहरा उम्मीदवार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपना उम्मीदवार घोषित नहीं कर रही है, लेकिन सियासी कमाल ये हुआ कि लोकसभा चुनाव हाथ मिलाकर लड़ने वाले सपा और कांग्रेस में भी गठबंधन पर संशय बरकरार है। दोनों मिलकर लड़ेंगे या अलग-अलग लड़ेंगे।

इस बात को भी कोई बताने को नहीं तैयार है। दोनों दलों के नेताओं को हाईकमान के आदेश का इंतजार है। कौन किस दल से लड़ेंगा इसको लेकर संभावनाओं का बाजार है। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस में माथापच्ची ही दो सीटों को लेकर हो रही है और सबसे बड़ी बात ये है कि समय निकला जा रहा है।

पर्चा दाखिल करने के लिये कल का दिन बाकी है। चुनाव लड़ने के लिये भी तैयारी करनी होती है और पर्चा दाखिल करने के लिए भी कागजी तैयारी करनी होती है। प्रस्तावक बनाए जाते हैं, नो ड्यूज के सर्टिफिकेट लगाए जाते हैं। अपने बारे में ब्योरा देना होता है। लेकिन अभी तो सपा और कांग्रेस में ये ही तय नहीं हुआ है कि चुनाव लड़ना कैसे है। सूत्र बताते हैं कि समाजवादी पार्टी के दावेदार की गाड़ी लखनऊ की तरफ जाती देखी गई है और कांग्रेस वाले प्रबल दावेदार की कार की लोकेशन दिल्ली से आ रही है। संगठन नेता माथापच्ची कर रहे हैं और अभी सीटों में बंटवारा नहीं हुआ है। ये स्थिति उन नेताओं को टेंशन दे रहे हैं जो इलेक्शन में आना चाहते हैं। जो चुनाव के ख्वाब पालकर बैठे हैं उन्हें ये बात खराब लग रही है कि आखिर कोई फैसला क्यों नहीं होता है। बहरहाल अब कल यानि शुक्रवार का दिन नामांगन के लिए बाकी बचा है और कांग्रेस सपा के बीच अभी संशय बरकरार है।

# सपा-कांग्रेस 'समझौते' के बीच बीजेपी की सूची लटकी, अचानक दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली पहुंचे



**लखनऊ।** यूपी में होने वाले विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की सूची पर फिर पेंच फंस गया है। इस वजह से सूची मंगलवार को भी जारी नहीं हो पाई । इसकी वजह प्रयागराज के फूलपुर सीट पर सपा-कांग्रेस के बीच बदले समीकरण को माना जा रहा है। सूत्रों की माने तो सपा ने इस सीट से मुस्लिम चेहरे के तौर पर मुस्तफा सिद्दकी को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन अब यह सीट कांग्रेस को देने की चर्चा है। इसे देखते हुए भाजपा अपने उम्मीदवारों की सूची रोक ली है। इसी बीच विपक्ष के भीतर बदले समीकरण को देखते हुए दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को भी मंगलवार को दिल्ली बुला लिया गया है। बता दें कि मंगलवार को भाजपा उम्मीदवारों की सूची आने की पूरी संभावना थी, लेकिन सपा-कांग्रेस के बीच सीटों के अदला-बदली की चर्चा को देखते हुए केन्द्रीय नेतृत्व ने ऐन वक्त पर सूची को रोक लिया है। सूत्रों का कहना है कि सपा से मुस्लिम उम्मीदवार उतारे जाने के बाद फूलपुर सीट पर भाजपा ने भी उसी समीकरण को देखते हुए पिछड़े चेहरे को प्रत्याशी बनाने का फैसला किया था, लेकिन अब यदि कांग्रेस के खाते में यह सीट जाती है और उनकी तरफ से गैर मुस्लिम प्रत्याशी दिया जाता है तो भाजपा भी बदले समीकरण के लिहाज से प्रत्याशी उतारेगी। दरअसल फूलपुर सीट का प्रभार उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद पर है, इसलिए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें दिल्ली बुलाकर बदले परिदृश्य पर चर्चा की है। चूंकि नामांकन के लिए अब तीन दिन ही शेष बचे हैं इसलिए संभावना है कि अब बुधवार को ही भाजपा की सूची आएगी।

### संजय निषाद ने भी अटकाई सूची

फूलपुर सीट पर बदले समीकरण के अलावा भाजपा के सहयोगी निषाद पार्टी संजय निषाद के अड़ जाने की वजह से भी सूची जारी न होने की बात कही जा रही है। दरअसल संजय निषाद दो सीट लेने पर अड़े हुए हैं। इसके लिए वह दो दिन से दिल्ली में डेरा डाले हैं. लेकिन दिन भर उनकी न जेपी नड्डा और अमित शाह मुलाकात नहीं हो पाई थी। देर शाम दोनों डिप्टी सीएम की मौजूदगी में संजय निषाद की नड्डा के साथ बैठक हुई है। जिसमें उन्होंने ने अपनी बात रख दी है। सूत्रों का कहना है कि बुधवार को सुबह दोनों डिप्टी सीएम और संजय निषाद की बैठक होगी, जिसमें सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। इसके बाद ही भाजपा की सूची जारी होगी।

# हाईकोर्ट ने दिया आदेश- 'विस्तृत जवाब दाखिल करे सरकार'

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बहराइच हिंसा मामले पर यूपी सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। वहीं, याचिकाकर्ता से याचिका दाखिल करने का कारण पूछा है। बहराइच हिंसा मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। वहीं, मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 4 नवंबर तय कर दी है। वहीं, कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि जनहित याचिका क्यों दाखिल की गई है?



इसके पहले सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर यूपी सरकार ने आश्वासन दिया था कि बुधवार तक आरोपियों की संपत्तियों पर बुलडोजर नहीं चलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई व जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने मंगलवार को यूपी सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा कि बुधवार तक बहराइच में कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। नटराज ने इस पर सहमति जताते हुए कहा, हम कुछ नहीं करेंगे। वरिष्ठ वकील सीयू सिंह व अन्य वकीलों ने पीठ के समक्ष कहा, राज्य सरकार ने कथित रूप से दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव इस आधार पर रखा है कि उनका निर्माण अवैध है। पीठ ने कहा, आप इस अदालत के पारित आदेशों को जानते हैं। अगर राज्य सरकार इन आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाना चाहती है तो यह उसकी पसंद है।

# किशनगढ़ इलाके में आग लगने से एक ही परिवार के 5 लोग झुलसे, एक की मौत



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के किशनगढ़ इलाके में बुधवार को एक फ्लैट में आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक ही परिवार के पांच सदस्य झुलस गए, जिसमे से एक की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। दरअसल, आग लगने की घटना किशनगढ़ थाना के सनी बाजार रोड स्थित नंद भवन नामक बिल्डिंग की है। यहां पर किराए पर रहने वाले परिवार के सभी सदस्य आग की चपेट में आ गए। पुलिस ने सभी को रेस्क्यू करके अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल बिल्डिंग में कैसे आग लगी है, अभी इसका पता नहीं चला है। हादसे के बाद से आस-पास के लोग सदमे में हैं। बता दें कि पुलिस को तड़के करीब 3.30 बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद मौके पर पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई। मकान के चौथी मंजिल में आग लगी थी। फायर ब्रिगेड की टीम समय रहते आग पर काबू पा लिया। हादसे का शिकार हुए लोगों को सफदरजंग और एम्स के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने आईएएनएस से बात करते हुए इस हादसे की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि किशनगंज थाना के अंतर्गत शनि बाजार रोड पर तड़के करीब 3.30 बजे एक घर में आग की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के बाद एसएचओ, पीसीआर और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और चौथे मंजिल से एक किराएदार और परिवार के चार अन्य लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि हादसे में आकाश नाम के एक लड़के की मौत हो गई है, जबकि चार अन्य लोगों का उपचार चल रहा है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है, हालांकि वहां पर रखा हुआ सिलेंडर सही-सलामत था।

## न्यूज डायरी

# आप ने पूरा नहीं किया चुनावी वादा, आक्रोशित कर्मचारियों का विरोध-प्रदर्शन



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब में सरकार बनने से पहले वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद सबसे पहले कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा। प्रदेश में पार्टी की सरकार बने दो साल से भी ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी भी कच्चे कर्मचारी को पक्का करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है, जिसे लेकर कर्मचारियों में खासा रोष देखने को मिल रहा है। कर्मचारियों ने बुधवार को पठानकोट सहित अन्य इलाकों में अपनी इसी मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन में शामिल एक प्रदर्शनकारी ने कहा, ह्लआप की पंजाब सरकार को लेकर किसान और आम जनता के बीच विश्वास की कमी नजर आ रही है। चार साल बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री की ओर से कोई ठोस कदम उठाए जाने की खबर नहीं है। ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में सुधार के लिए बार-बार दावे किए जा रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। हाल ही में मुख्यमंत्री के बयान सामने आए हैं, जिसमें उन्होंने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को निर्देशित किया है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं, लेकिन ये महज शब्द ही हैं, जिनका असर धरातल पर नहीं दिखाई देता। प्रदर्शनकारी ने आगे कहा, ह्लट्रांसपोर्ट क्षेत्र में भी कई समस्याएं हैं। जो ठेकेदार लंबे समय से काम कर रहे हैं, वे अब भी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इस संदर्भ में सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सरकार की नीतियों के कारण ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की स्थिति में सुधार की उम्मीद अब खत्म होती जा रही है। प्रदर्शनकारी ने कहा, ह्लपिछले कुछ समय से सरकार की तरफ से लगातार उदासीनता देखने को मिल रही है। हाल ही में एक बैठक में परिवहन मंत्री की मौजूदगी में भी कोई महत्वपूर्ण चर्चा नहीं हुई। कई कर्मचारी बिना काम के रह गए हैं और उनकी तनख्वाह में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। अधिकारियों की बैठकें भी सिर्फ औपचारिकता रह गई हैं और इनके परिणाम नहीं निकल रहे हैं। इस सब के बीच, किसान अपने हक के लिए सड़कों पर बैठे हुए हैं। लेकिन, सरकार की ओर से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। यह स्थिति दशार्ती है कि सरकार किसानों और आम लोगों की समस्याओं को लेकर कितनी गंभीर है। इस तरह की उदासीनता और असंवेदनशीलता से यह साफ है कि लोग अब भी अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारी ने कहा, ह्लअगर सरकार वास्तव में अपनी नीतियों में सुधार लाना चाहती है, तो उसे किसानों और आम जनता के बीच संवाद स्थापित करना होगा और उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना होगा। केवल वादों और दावों से अब काम नहीं चलेगा; ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि लोग सरकार पर विश्वास कर सकें और उनका जीवन बेहतर हो सके।

# मंत्री गोपाल राय ने बैठक से पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बैठक से पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखा है। दीपावली के बाद दिल्ली में कृत्रिम बारिश के जरिए प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न विभागों की बैठक बुलाकर अनुमति दिलाने की मांग की है। यदि एक सप्ताह के भीतर मंजूरी नहीं दिलाई गई तो इस बार कृत्रिम बारिश के जरिए प्रदूषण को कम करने का प्रयोग नहीं हो पाएगा। दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर दिल्ली में क्लाउड सीडिंग को मंजूरी देने के लिए सभी हितधारकों की बैठक बुलाने के पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखा। इससे पहले भी मंत्री गोपाल राय केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिख चुके हैं। उन्होंने दीपावली के बाद कृत्रिम बारिश के जरिए प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न विभागों की आपातकाल बैठकर बुलाकर अनुमति दिलाने की मांग की है। अगर एक सप्ताह के भीतर मंजूरी नहीं दिलाई गई तो इस बार भी कृत्रिम बारिश के जरिए प्रदूषण को कम करने का प्रयोग नहीं हो पाएगा। बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को प्रदूषण का स्तर बेहद खराब दर्ज हुआ है। दिवाली से पहले है दिल्ली गैस चेंबर बनने की तरफ बढ़ रही है। हवा में धूल के कण और जहरीली गैसों की मात्रा भी बढ़ गई है।

राजधानी में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' स्तर पर पहुंच गई है। सफर इंडिया के अनुसार एक्यूआई 349 पर पहुंच गया है। दिल्ली के स्थानीय लोगों ने कहा कि दिवाली से पहले इतना प्रदूषण है। लोग परेशान हैं और सरकार को कुछ उपाय करने चाहिए। गोपाल राय ने कहा कि सरकारी विभागों, प्राइवेट एजेंसी, कंस्ट्रक्शन साइट और रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को सुरक्षा कर्मचारियों को आवश्यक रूप से इलेक्ट्रिक हीटर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, जिससे कि वो सर्दियों के दौरान खुले में बायोमास नहीं जलाएं। इसके लिए राजस्व विभाग और डीपीसीसी को जरूरी निर्देश जारी करने का आदेश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली से सटे राज्यों की सरकारों को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया है कि जब तक दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ है, वे अपनी डीजल बसों के स्थान पर सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों को ही भेजें।

### स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देहव्यापार का धंधा



**हरियाणा।** थाना प्रभारी जसमेर गुलिया ने बताया कि युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। एक युवती ने बताया कि छछरौली निवासी एक युवक सेंटर चला रहा था। दबाव बनाकर गलत काम कराया जा रहा था। यमुनानगर में देर रात को पुलिस ने एक स्पा सेंटर पर छापेमारी कर देह व्यापार के धंधे का खुलासा किया। पुलिस ने सेंटर से पांच युवती और आठ युवकों को हिरासत में लिया। एक युवती की शिकायत पर सेंटर के मालिक समेत कई के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामला थाना हुड्डा सेक्टर 17 क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक स्पा सेंटर में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने देर रात को सेंटर पर रेड की। जहां पर पांच युवती और आठ युवकों को हिरासत में ले लिया। जबकि, एक युवक छत से कूदकर फरार हो गया। थाना प्रभारी जसमेर गुलिया ने बताया कि युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। एक युवती ने बताया कि छछरौली निवासी एक युवक सेंटर चला रहा था। दबाव बनाकर गलत काम कराया जा रहा था। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

# प्रियंका गांधी ने वायनाड सीट से दाखिल किया नामांकन, राहुल और सोनिया रहे मौजूद



**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। वे पहली बार कोई चुनाव लड़ रही हैं। वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे। इसी के मद्देनजर यहां से कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को मैदान में उतारा है। उन्होंने बुधवार को अपने नामांकन पत्रों के तीन सेट दाखिल किए। इस अवसर पर प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटा भी मौजूद रहा। इसके अलावा उनकी मां और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी दिखीं। प्रियंका के नामांकन के दौरान अधिकारियों ने बताया कि उम्मीदवार के साथ केवल पांच लोग ही नामांकन के समय मौजूद रह सकते हैं। इसी कारण थोड़ी देर बाद प्रियंका गांधी के पति और उनके बेटे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल चैंबर से बाहर आ गए। प्रियंका गांधी के नामांकन पत्र दाखिल करते समय उनके भाई और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहे। उन्होंने वायनाड की जिला कलेक्टर मेघश्री के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रियंका ने नामांकन से पहले अपने भाई राहुल गांधी के साथ एक रोड शो किया और इसके बाद रैली को संबोधित किया, जिसमें कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे। बता दें कि राहुल गांधी ने दो सीटों से लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने रायबरेली की सीट को चुना और वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया। सीपीआई ने इस सीट से सत्यन मोकेरी को मैदान में उतारा है। वे साल 2014 के आम चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे थे। जबकि भाजपा ने यहां से नव्या हरिदास को टिकट दिया है। इससे पहले साल 2019 के आम चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड सीट से 4.60 लाख के अंतर से जीत हासिल की थी। वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में तीन जिले आते हैं, जिनमें वायनाड, मलप्पुरम और कोझीकोड शामिल है।

## जेएमएम के प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी

# राज्यसभा सांसद को पार्टी ने बनाया विधानसभा उम्मीदवार





**झारखण्ड।** झारखंड में विधानसभा चुनावों को लेकर तमाम पार्टियों की तरफ से प्रत्याशियों के नाम जारी किए जा रहे हैं। इस कड़ी में सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बीते दिन 35 उम्मीदवारों के नाम जारी किए थे। वहीं आज पार्टी की तरफ से दूसरी सूची जारी की गई है। झारखंड में विधानसभा चुनावों को लेकर तमाम पार्टियों की तरफ से प्रत्याशियों के नाम जारी किए जा रहे हैं। इस कड़ी में सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बीते दिन 35 उम्मीदवारों के नाम जारी किए थे। वहीं आज पार्टी की तरफ से दूसरी सूची जारी की गई है। इस सूची में रांची विधानसभा सीट से राज्यसभा सांसद महुआ माजी को प्रत्याशी बनाया गया है।

### तीसरी बार आमने-सामने होंगे सीपी सिंह और महुआ माजी

रांची में एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने महुआ माजी को अपना उम्मीदवार बनाया है। महुआ माजी फिलहाल राज्यसभा की सांसद हैं। कुल मिलाकर अब ऐसा तीसरी बार होगा जब रांची में सीपी सिंह और महुआ माजी आमने-सामने होंगे।

### जारी हुई थी 35 प्रत्याशियों की सूची

इससे पहले कल झारखंड मुक्ति मोर्चा की तरफ से 35 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी। जिसमें सीएम हेमंत सोरेन उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और मुख्यमंत्री के भाई बसंत सोरेन के नाम शामिल है। झारखंड की पहली सूची के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन बरहेट की सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बने हैं, वहीं कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित की गई हैं। जबकि बसंत सोरेन दुमका की सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

# श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ के आयोजन को यादगार बनाने का किया जा रहा हरसंभव प्रयास



**प्रयागराज।** दुनिया के सबसे बड़े सामूहिक आयोजन महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर प्रयागराज में पूरा सरकारी अमला दिन-रात काम में जुटा हुआ है। अधिकारी दिन भर जहां कार्यालयों में महाकुंभ की तैयारियों से संबंधित अपने जरूरी काम निपटा रहे हैं, तो वहीं देर रात तक विकास और निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा भी ले रहे हैं। यही नहीं, कहीं पर भी कोई अव्यवस्था होने पर तुरंत अधीनस्थ कर्मचारियों को व्यवस्था सही करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। गतिविधियों में आई इस तेजी से स्पष्ट है कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मेला प्रशासन और जिला प्रशासन समस्त कार्यों को डेडलाइन से पहले ही पूर्ण कर महाकुंभ को श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार और शानदार अनुभव बनाने के प्रति तत्परता से कार्य कर रहा है।

महाकुंभ 2025 की शुरूआत को अभी दो महीने से भी ज्यादा का समय बचा हुआ है। पूरे प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियां पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं। श्रद्धालुओं के लिए तमाम तरह की व्यवस्थाओं को अमली जामा पहनाया जा रहा है। रेलवे ओवरब्रिज से लेकर सड़कों का चौड़ीकरण का कार्य जारी है। थीमेटिक गेट्स से लेकर वॉल पेंटिंग की जा रही है। पार्कों का सौंदर्यीकरण चल रहा है। मंदिरों के जीर्णोद्धार से लेकर घाटों पर भी निर्माण कार्य समेत महाकुंभ क्षेत्र में तमाम विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। मेला प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी, प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी, नगर निगम, पर्यटन विभाग, सिंचाई विभाग, सेतु निगम समेत तमाम विभाग आपसी समन्वय के साथ इन परियोजनाओं को पूर्ण करने में लगे हुए हैं। विकास कार्यों की भौतिक प्रगति को देखने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी देर रात निरीक्षण में जुट गए हैं। आधी रात को अधिकारियों के औचक निरीक्षण से काम की रफ्तार में भी तेजी आई है। बीते कुछ दिनों में पीडीए के वीसी और सचिव ने हाईकोर्ट रोड, छोटा बघाड़ा रोड, अरैल, कीडगंज, हटिया, नूरुल्लाह, झूंसी बस स्टैंड और लेटे हनुमान मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का देर रात निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक सुधार निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह मेला प्रशासन से जुड़े अधिकारी भी विभिन्न स्थानों पर चल रहे विकास और निर्माण कार्यों का आधी रात निरीक्षण करने पहुंच गए और पानी से लेकर बिजली सप्लाई को लेकर विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित किया। देर रात अधिकारियों की सक्रियता से विभागीय कार्यों में तेजी देखने को मिल रही है। फोकस उन कार्यों पर है, जो विगत काफी दिनों से पेंडिंग चल रहे हैं। इसके साथ ही गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि लंबे समय तक प्रयागवासी महाकुंभ के दौरान हुए विकास कार्यों का लाभ उठा सकें। ज्यादातर कार्य टेंपरेरी की बजाए पमानेंट बेसिस पर किए जा रहे हैं।

# मध्य प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा के लिए अपनों की चुनौती



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में दो विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी दोनों स्थानों के लिए उम्मीदवार घोषित कर चुकी है मगर पार्टी के लिए अब अपने ही चुनौती बनने लगे हैं। बुधनी विधानसभा क्षेत्र में तो पार्टी के उम्मीदवार रमाकांत भार्गव का विरोध भी शुरू हो गया है। राज्य की दो विधानसभा क्षेत्र सीहोर जिले की बुधनी और श्योपुर जिले की विजयपुर सीट पर 13 नवंबर को मतदान होना है। भाजपा ने बुधनी विधानसभा क्षेत्र के लिए रमाकांत भार्गव और विजयपुर के लिए वन मंत्री रामनिवास रावत को उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

पार्टी की और से नियुक्त किए गए विधानसभा क्षेत्रवार प्रभारी और सह प्रभारी ने क्षेत्र के नेताओं से संवाद शुरू कर दिया है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार रमाकांत भार्गव का विरोध शुरू हो गया है। इसी क्रम में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, जिन्होंने वर्ष 2005 में शिवराज सिंह चौहान के लिए बुधनी सीट छोड़ी थी, वह खुले तौर पर मैदान में आ गए हैं। भैरूदा में तो मंगलवार को राजपूत के समर्थकों ने एक बैठक तक कर डाली। इस बैठक में पहुंचे पूर्व मंत्री रामपाल सिंह की मौजूदगी में कार्यकताओं ने पार्टी की ओर से तय किए गए उम्मीदवार को लेकर विरोध दर्ज कराया। उम्मीदवार बदलने तक की मांग की। रामपाल ने समझाया तो कार्यकताओं ने उनकी एक नहीं सुनी। परिणामस्वरूप रामपाल को खाली हाथ लौटना पड़ा। इससे पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निवास पर उम्मीदवार रमाकांत भार्गव सहित बुधनी क्षेत्र के नेताओं की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में भी राजपूत नहीं पहुंचे थे। कुल मिलाकर राजपूत और उनके समर्थकों के तेवर आक्रामक हैं और यही स्थिति पार्टी के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। दूसरी और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए रामनिवास रावत को पार्टी ने विजयपुर से उम्मीदवार बनाया है। रावत के खिलाफ भी पार्टी के कई नेता हैं और वे चुनाव प्रचार करने को तैयार नहीं हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य में भाजपा की सरकार है और उपचुनाव ज्यादा मुश्किल भरे नहीं होते हैं, फिर भी पार्टी के भीतर असंतोष और विरोध मुसीबत तो खड़ा कर ही सकता है। बुधनी में जातीय समीकरण भाजपा के लिए चुनौती बन सकता है तो वहीं विजयपुर में कभी भाजपा में रहे मुकेश मल्होत्रा मुसीबत बन सकते हैं। आदिवासी मतदाताओं की संख्या को देखते हुए कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। कुल मिलाकर दोनों उपचुनाव रोचक होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# कुछ तो रही होगी नगर आयुक्त को मंच से नीचे बैठने वाले आदेश की थ्योरी

## भाजपा पार्षद ने कुछ तो सोचकर डाली होगी फेसबुक पर ये स्टोरी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम का अपना निजाम है और यहां सबसे खास बात ये है कि कई बार कई मुद्दों पर आपसी सहमति बनती है। विकास को लेकर जब नक्शा तैयार होता है तो इससे पहले मेयर, पार्षद और नगर आयुक्त सहित निगम अधिकारियों की एक संयुक्त कक्षा लगती है। विकास को फाइल से ज्यादा हकीकत में समझा जाता है और उसी के अनुसार पूरा प्लान तैयार होता है। ऐसा नहीं है कि टकरार नहीं होती, लेकिन ये तकरार निगम की बोर्ड बैठक में होती है। खास मुद्दे बोर्ड बैठक में उठते हैं मगर इसके बाद सभी मिलजुलकर रहते हैं, लहजा शालीन रहता है। नगर आयुक्त और मेयर कई बार बैठकों में संयुक्त रूप से जाते हैं, कई मुद्दों पर संयुक्त रूप से बात करते हैं, लेकिन इस सबके बीच कुछ लोगों ये छाप होती है कि वो कहां से हैं, किस गुट से हैं , किस खेमे से हैं। बहरहाल इन सब के बीच भाजपा के एक पार्षद ने फेसबुक पर स्टोरी डाली। ये स्टोरी मथुरा की निगम बैठक से संबंधित थी और गाजियाबाद का भाजपा पार्षद इसके 25 लोगों को टैग करके डाल रहा था। सवाल यही था कि आखिर मथुरा वाली कार्रवाई को भाजपा का पार्षद विशेष रूप से उस पत्र सहित क्यों डाल रहा है। वो इस पोस्ट के जरिये क्या कहना चाहता है। कुछ तो थ्यौरी मन में होगी। भाजपा पार्षद नीरज गोयल ने मथुरा के मेयर विनोद अग्रवाल के पत्र का मजमून रखा। उन्होंने इस पत्र के जरिये सबको ये बताया कि नगर निगम मथुरा, वृंदावन की कार्यकारिणी बैठक में मेयर ने सदन के प्रभारी अधिकारी का पत्र लिखकर कह दिया कि 19 अक्टूबर को कार्यकारिणी बैठक में मंच पर केवल मेयर रहेंगे। यदि कोई मंत्री, सांसद या विधायक आएं तो उनका स्थान रहेगा। मंच के नीचे बाईं ओर प्रथम स्थान पर नगर आयुक्त रहेंगे और उसके बाद अन्य सभी अधिकारीगण वरिष्ठता के क्रम से बैठेंगे। भाजपा पार्षद नीरज गोयल ने शायद कुछ संदेश देने के लिये ये स्टोरी डाली होगी। जाहिर है कि उन्होंने ये जानकारी गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल के संज्ञान में भी डाली होगी, लेकिन नीरज गोयल ने नगर आयुक्त को मंच से नीचे बैठाने की इस स्टोरी के जरिए क्या संदेश देना चाहते हैं। ये वो बेहतर जानते हैं। उनका मन जानता है कि वो क्या कहना चाहते हैं।



### तीन बार हुआ है कुछ ऐसा कि निकला है मन का गुबार

**करंट क्राइम।** नीरज गोयल भाजपा के पार्षद हैं और पहली वो चुनाव जीते हैं। अक्सर लैटर लिखते हैं और मुद्दों को उठाते हैं और सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। उनके साथ वैसे तो पता नहीं कितनी बार हुआ पर उन्होंने तीन पर फेसबुक पर अपने मन का गुबार रखा है। वो एक बार नगर आयुक्त के बुलावे पर उनके आवास पर गए, लेकिन निर्धारित समय से पहले पहुंच गए थे तो नगर आयुक्त ने उन्हें इंतजार करने के लिये कहलवा दिया। स्टाफ ने भी उन्हें पहले आने पर अंदर नहीं बैठाया और नीरज गोयल ने इस बात को सेल्फी के जरिए फेसबुक पर बताया था। इसके बाद नगर आयुक्त बदल गए और फिर ऐसा हुआ कि नीरज गोयल ने किसी विषय को लेकर पत्र लिखा और उन्हें नगर आयुक्त ने इंतजार कराया और नहीं बुलाया और एक अन्य विषय पर उन्होंने अपनी पीड़ा को व्यक्त किया था। पार्षद खेमा ही कह रहा है कि नीरज गोयल के दिल गुबार हैं। वो अक्सर मुद्दे उठाते हैं कई मामलों को अधिकारियों के संज्ञान में लाते हैं। विषय को रखने की उनके पास अपनी कला है। हो सकता है कि उन्होंने कुछ सोच समझकर इस आदेश को फेसबुक पर लगाया हो वो कुछ संदेश देना चाहते हैं।

## सक्रिय सदस्यता



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी के जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान ने बीजेपी के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी को अंतोदय के मूल मंत्र साथ प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान हेतु समर्पित भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण कर उन्हें मंगल कामनाएं दी।

# 23 की शाम भी बीत गई अफवाहों के नाम

## गाजियाबाद में हुई जनरल की एंट्री और छा गया मृणालिनी का नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी पर्चे का माहौल है तो हर तरफ सियासी चर्चे हैं। फेस-टू-फेस लोग मिल रहे हैं तो चुनाव का चर्चा, फेसबुक पर कुछ लिख रहे हैं तो चुनाव का चर्चा, हर बात में इसी बात की जिज्ञासा कि कौन भरेगा शहर की सदर सीट से भाजपा उम्मीदवारों के रूप में पर्चा। 21 अक्टूबर का दिन चर्चा में रहा, शाम चर्चा में रही और ये कहा गया कि 21 की बैठक अहम बैठक है और उम्मीदवार का नाम फाइनल हो गया है। अब घोषित होगा, तब घोषित होगा, आधी रात को घोषित होगा और फिर 22 की सुबह आ गई। पक्षियों की चहचहाहट से सुबह शुरू हुई और चुनावी चर्चा की चहचहाहट शुरू हो गई। 22 की सुबह से शुरू हई चर्चा दिन भर होती रही और रात को ये मैसेज आया कि अब तो सो जाओ। क्योंकि जितनी चुनावी जिज्ञासा का ट्रैफिक भाजपा वालों ने जाम किया उतना तो कहीं जाम नहीं हुआ और 22 की रात को जैसे तैसे सोए और सुबह उठते ही फिर फोन की स्क्रीन पर उंगलियां थिरकने लगी, फोन होने लगे और चर्चा शुरू हो गई। 21 बीती 22 बीती और 23 की सुबह आ गई। शाम हो गई मगर घोषणा नहीं हुई, लेकिन पर्चा वाला माहौल है तो चर्चा रही। लिखने वाले लिखते रहे कि बस अभी थोड़ी देर बाद।

इसके बाद 23 की दोपहर अपने साथ चर्चा क्रांति लेकर आई। क्योंकि गाजियाबाद में पूर्व सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की एंट्री हो गई और इस चर्चा में बड़ा उबाल तब आया जब लोगों ने जनरल के साथ कार से उनकी पुत्री मृणालिनी सिंह को भी उतरते देखा। अब चुनावी चर्चा का माहौल है तो ऐसे में इस एंट्री ने तो चर्चा की आतिशबाजी का माहौल कर दिया। अचानक से मृणालिनी सिंह का नाम छा गया। चुनाव का माहौल हो और चर्चा का तूफान हो और ऐसे में करंट क्राइम मौके पर मौजूद ना हो ये तो ऐसा हो ही नहीं सकता। करंट क्राइम की टीम दरवाजे के बाहर से लेकर दरवाजे के अंदर तक हर घटनाक्रम पर पूरी निगाह रखे हुए थी। कौन आवास पर आ रहा है और कौन खास बात बता रहा है इसको लेकर करंट क्राइम की टीम पल पल अपडेट दे रही थी।



### जब जनरल पहुंचे आवास पर तब चचाएं शुरू हुई मृणालिनी के नाम पर



**करंट क्राइम।** जनरल वीके सिंह का राजनगर में आवास है और वो अकसर अपने आवास पर आते हैं। जब वो आवास पर आते हैं तो इसकी सूचना कुलदीप चौहान वॉट्सएप पर भाजपा कार्यकताओं को देते हैं। बुधवार को भी एक वॉट्सएप मैसेज फ्लेश हुआ। जिसमें कहा गया कि दोपहर ढाई बजे पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह अपने राजनगर स्थित आवास पर पहुंचे। सियास में ये मैसेज आना कोई विशेष बात नहीं है। जनरल वीके सिंह जब भी आते हैं तो ये मैसेज आता है और इसमें कोई खास बात नहीं है, लेकिन चुनावी माहौल में मैसेज आया तो इसके मायने थे। भाजपाई 2/27 राजनगर पर इकट्ठा होने लगे। चर्चा की आग में तेज लपटे तब उठी जब फॉर्च्यूनर कार एक एक दरवाजे से जनरल वीके सिंह और दूसरे दरवाजे से मृणालिनी सिंह उतरी। बस इसी के बाद गाजियाबाद से चुनावी बाजार में एक नए नाम की एंट्री हो गई। फेसबुक पर तूफान आ गया। कोई महिला टिकट बताने लगा। किसी ने इस नाम की घोषणा ही कर दी। मृणालिनी का टिकट फेसबुक पर लगभग घोषित हो गया। चर्चा की आग की लपटें उठने लगी।

### जब करंट क्राइम ने किया सवाल तो जनरल मुस्कुराए और बोले जनरली ऐसे ही आए



**करंट क्राइम।** अंदर हॉल में पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह लोगों से मिल रहे थे। बाहर चर्चा के बम से सियासत के दिल हिल रहे थे। हर कोई मृणालिनी सिंह की एंट्री को लेकर हैरान था और अचानक जनरल वीके सिंह का आना सबको हैरान कर रहा था। करंट क्राइम ने ऐसे में पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह से वो सवाल किया जिसका उत्तर हर कोई जानना चाह रहा था। करंट क्राइम ने सवाल किया कि आप अचानक गाजियाबाद आने का कैसे ख्याल आया। समाचार संपादक दीपक भाटी के इस सवाल को सुनकर जनता की सुन रहे जनरल वीके सिंह मुस्कुराए। करंट क्राइम ने कहा कि आप ऐसे माहौल में अचानक आए हो कोई तो स्पेशल बात है। जनरल वीके सिंह भी इस सियासत की जंग से वाकिफ हैं और वो इस रंग के मजे लेते दिखाई दिये। वो मुस्कुराए और कहा कि कुछ नहीं जनरली ऐसे ही आए हैं। उनकी मुस्कुराहट में ही जवाब था। इससे अधिक उन्होंने कुछ नहीं कहा और चुनाव को लेकर भी कोई बात नहीं की। लेकिन पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह इस तरह जनरली आना चुनावी चर्चा के बाजार में एक बड़ी खलबली मचा गया।

### चर्चा का चैनल और फ्लैश हुआ बदल गया है पैनल

**करंट क्राइम।** कोई बतात था कि टिकट मृणालिनी सिंह का फाइनल हो गया है। कहां से हुआ है इसके जवाब में सूत्र लिख दिया और चर्चा के चैनल ने तो ये तक कह दिया कि पैनल ही चेंज हो गया है। बाकायदा बताया कि सीएम-डिप्टी सीएम दिल्ली पहुंचे और फिर जो पैनल तैयार हुआ था वो पैनल बदल दिया गया है। अब तो कोई और ही नाम है।

### चर्चा की धुरी बनी मृणालिनी सिंह भी आने के सवाल पर मुस्कुराईं

**करंट क्राइम।** मृणालिनी सिंह पूर्व सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की सुपत्री हैं। वो सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेती हैं। सबसे खास बात ये है कि वो मनोविज्ञान में डॉक्ट्रेट है। चेहरा देखकर ये भांप लेने का ज्ञान उनके पास है कि सामने वाले के मन में क्या चल रहा है। लेकिन गजब का धैर्य भी उनके पास है। शानदार एटिकेट भी है। जब उनसे अचानक आने का सवाल पूछा गया तो वो इस सवाल पर कहीं से ना हिचकिचाई और ना सकपकाई बल्कि वो केवल मुस्कुराई।

### संजीव झा ने किया सबको अलर्ट, आ रहे हैं साहब आ जाओ अंदर

**करंट क्राइम।** जनरल वीके सिंह के आने का मैसेज फ्लेश हुआ और भाजपाइयों ने उनके आवास पर एकत्र होना शुरू कर दिया। पूर्व पार्षद मनोज गोयल पहुंचे, पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी पहुंचे, बृजपाल तेवतिया पहुंचे और कई भाजपा के चेहरे पहुंचे। इसी बीच महानगर मंत्री संजीव झा ने सबको अलर्ट किया और कहा कि साहब आ रहे हैं सब अंदर आ जाओ और फिर सभी आवास के अंदर आ गए और सायरन बजाते हुए फॉर्च्यूनर कार दरवाजे पर आ गई। जनरल वीके सिंह सीधा अपने आवास के बने हॉल में पहुंचे और वहां कुर्सी पर बैठ गए। उनके बराबर में कृष्णवीर चौधरी बैठे और लोगों से मुलाकात शुरू की।

















### होते रहे फोन और दिल्ली-लखनऊ की बिजी रही टोन

**करंट क्राइम।** पर्चा का माहौल था, चर्चा का माहौल था और टिकट तो सपा-कांग्रेस का भी घोषित नहीं हुआ, लेकिन चर्चा तूफान भाजपा में आया हुआ था। कोई मयंक गोयल का नाम चला देता था तो कोई अशोक मोंगा टिकट बता देता था। किसी ने कहा टिकट ललित जायसवाल का हो गया है। लखनऊ दिल्ली तक फोन बिजी रहे और इस रूट की टोन बिजी रही। चर्चा चलने लगी कि अब ये नाम आ गया है।

# गाजियाबाद में आ रही है 2000 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त फोर्स

## चुनावी और त्योहारी सीजन को लेकर अलर्ट पर रहेगी पुलिस कमिश्नरेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आगामी त्यौहारी सीजन और चुनाव के मद्देनजर लगभग 2000 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगेगी। वह यहां सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इसके लिए कई थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रमुख स्कूलों में पुलिस को रोकने का प्रबंध किया जाएगा। बताया जा रहा है कि अगले दो दिन के भीतर पुलिस फोर्स आ जाएगी। उधर पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस पुलिस बल का इस्तेमाल सिटी जोन में खासतौर पर किया जाएगा। वैसे भी आचार संहिता का अधिक प्रभाव सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले कवि नगर, सिहानी गेट, नंदग्राम, कोतवाली घंटाघर, विजय नगर थानाक्षेत्र और एक देहात जोन के क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र के अंतर्गत है।

### डीजीपी ने बीते दिनों दिए थे आदेश

**करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रमुख प्रशांत कुमार ने बीते दिनों कमिश्नरेट के प्रमुख, एसएसपी और जिलों के प्रभारियों को निर्देश दिया था कि आगामी त्यौहारी सीजन के चलते व्यापक स्तर पर पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस गश्त करें ताकि जनता में सकारात्मक संदेश बना रहे। आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैदी देखने को मिलेगी ऐसा दावा किया जा रहा है।

### कई थानाक्षेत्र में रुकवाने का किया जा रहा है प्रबंध



### पैदल मार्च से लेकर सुरक्षा का संदेश देने का होगा काम

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चुनावी माहौल और त्योहारी सीजन के मद्देनजर आने वाले दिनों में भारी पुलिस बल के साथ अलग-अलग थानाक्षेत्र में पुलिस पैदल गश्त करती हुई नजर आएगी। तो वहीं बाजारों से लेकर भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस की तैनाती दोपहर से लेकर देर रात देखने को मिलेगी। इसके लिए बाकायदा क्विक रिएक्शन टीम भी बनाई जाएगी, जो कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने के साथ ही अपराधियों की धर पकड़ और वारदात रोकने का काम करेंगी।

## संपादकीय

# मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण

हमारे देश में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं निरंतर गंभीर होती जा रही हैं। सबसे अधिक चिंताजनक यह है कि युवाओं में अवसाद और व्यग्रता बढ़ रही है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि मई, 2020 में 18 से 24 साल की आयु के 9.3 प्रतिशत लोगों ने अवसाद और व्यग्रता के लक्षणों को महसूस किया था. मार्च, 2022 आते-आते यह आंकड़ा लगभग दुगुना होकर 16.8 प्रतिशत हो गया. स्थिति कितनी विकट होती जा रही है, इसका अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले साल इस आयु वर्ग के लगभग 25 प्रतिशत युवाओं में अवसाद के लक्षण पाये गये तथा करीब 30 प्रतिशत व्यग्रता से ग्रस्त हैं।

आत्महत्या से युवाओं की मौतों की संख्या भी साल-दर-साल बढ़ रही है. भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा युवा है और इसी पर देश का वर्तमान एवं भविष्य टिका हुआ है. पढ़ाई-लिखाई से लेकर कामकाज तक लगातार बढ़ते दबावों के साथ सामंजस्य स्थापित करना युवाओं के लिए चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है. सोशल मीडिया, ऑनलाइन गतिविधियों तथा सूचनाओं के अंतहीन अंबार ने स्थिति को जटिल बना दिया है. मानसिक स्वास्थ्य का मसला अब व्यक्ति तक सीमित नहीं है. इसके व्यापक प्रभाव को देखते हुए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है. सबसे पहले तो समस्या के मूल कारणों की पहचान और पड़ताल जरूरी है।

विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया का प्रभाव एक बड़ा कारक बन गया है. दूसरों की जीवनशैली को देखकर बहुत से लोगों में हीन भावना पनप सकती है. साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, गैर-जरूरी जानकारियां भावनात्मक रूप से बेहद नुकसानदेह हो सकती हैं. सोशल मीडिया की लत रोजमर्रा के अनुशासन को चोट पहुंचाती है. शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में गलाकाट प्रतिस्पर्धा तथा विकल्पों के अभाव से युवा आबादी जूझ रही है। बड़ी संख्या में छात्र अपने घर-परिवार से दूर कम संसाधनों में जीते-रहते हुए अच्छी पढ़ाई और नौकरी के सपने को साकार करने में जुटे रहते हैं. हालांकि मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श और सहायता के लिए व्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, पर अभी भी ये सर्वसुलभ नहीं हैं। चाहे शारीरिक समस्या हो या मानसिक, यदि उसका पता प्रारंभ में चल जाए और परामर्श लेने की प्रक्रिया शुरू हो जाए, तो समाधान आसान हो जाता है. अनेक अध्ययनों में पाया गया है कि समस्या का अहसास होने के बाद भी लोग चिकित्सकीय सहायता या मनोवैज्ञानिक परामर्श लेने से कतराते हैं. इसकी एक बड़ी वजह है सामाजिक पूर्वाग्रह. इससे मुक्त होने की आवश्यकता है. युवाओं को मदद लेने में हिचकिचाना नहीं चाहिए. मानसिक स्वास्थ्य के बारे में व्यापक जागरूकता का प्रसार भी आवश्यक है।

# 'किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों की जरूरतों को पूरा करना जरूरी': वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन स्कूल के छात्रों के साथ बातचीत में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों की जरूरतों को पूरा करने की जरूरत है। वित्त मंत्री मंगलवार की दोपहर अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों में भाग लेने वाशिंगटन पहुंचीं। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार के लिए बुनियादी ढांचा, निवेश, नवाचार और समावेशिता (सबको साथ लेकर चलना) चार प्रमुख क्षेत्रों पर फोकस करने की जरूरत है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वाशिंगटन में ये बातें कही। पेन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन स्कूल के छात्रों के साथ बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों की जरूरतों को पूरा करने की जरूरत है। सीतारमण मंगलवार की दोपहर अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों में भाग लेने वाशिंगटन पहुंचीं। वे न्यूयॉर्क से वाशिंगटन डीसी तक कार से गईं और पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय में रुकीं। सीतारमण ने छात्रों से कहा, जिस वर्ष हम ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मना रहे होंगे, यानी 2047 में, हम एक विकसित देश बनना चाहते हैं और बनने की आकांक्षा रखते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने चार प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है - ये हैं बुनियादी ढांचा, निवेश, नवाचार और समावेशिता।

उन्होंने कहा, पहला है बुनियादी ढांचा, चाहे वह पुल और बंदरगाह जैसे भौतिक हो या डिजिटल जो कई अलग-अलग उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण है। दूसरा इसमें निवेश करना होगा। इसमें निजी निवेश भी शामिल है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरे काम को शुरू करने के लिए सार्वजनिक तौर पर निवेश होना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि फोकस का तीसरा क्षेत्र नवाचार है और उन्होंने भारत और उसकी आकांक्षाओं से जुड़ी समस्याओं के लिए नवीन समाधानों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, जिन चीजों के लिए हम समाधान चाहते हैं, उनमें से कई को कहीं और बनाकर भारत नहीं पहुंचाया जा सकता। इससे लागत बढ़ जाएगी और यह उपयुक्त नहीं होगा। इसे लिए हम समाधान चाहते हैं। हम अपनी कई समस्याओं के लिए त्वरित समाधान चाहते हैं। नवाचारों के मामले में यही चुनौती बन जाती है। सीतारमण ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात है समावेशिता। उन्होंने कहा, हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी को उसमें शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी कहा, संविधान में सकारात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। आपको गरीबों का उत्थान करना होगा, आपको अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का उत्थान करना होगा। यह संविधान में दी गई प्रतिबद्धता है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसके अलावा चार समूहों- किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों की जरूरतों को पूरा करने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि उन्हें संसाधनों और अवसरों तक पहुंच मिले।

## भारतीय बीमा क्षेत्र को 2047 तक कमजोर तबकों समेत 1 अरब लोगों को कवर करना होगा: रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** भारत के बीमा बाजार ने पिछले दो दशकों में अभूतपूर्व वृद्धि की है। यह पिछले दो दशक में 15 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। वित्त वर्ष 23 में इसने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। प्रीमियम 10.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। विशेषज्ञ इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं देख रहे हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से भारत में तैयार की गई केपीएमजी की रिपोर्ट के अनुसार, लगातार वृद्धि के बावजूद, भारत में बीमा निवेश 4 प्रतिशत है। यह वृद्धि वैश्विक औसत 6.8 प्रतिशत से काफी कम है। इसमें यह भी बताया गया है कि सरकार की कई पहल और अनुकूल विनियामक वातावरण ने बीमा पैठ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) जैसी स्कीम्स ने समाज के गरीब और कमजोर वर्गों के लिए कवरेज का विस्तार किया है। साथ ही इस रिपोर्ट में इस क्षेत्र में उभरते हुए जोखिमों को भी चिह्नित किया गया है। इन जोखिमों में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न जोखिमों (विशेषकर कृषि क्षेत्र में) से निपटने के लिए नवीन बीमा समाधानों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है, जो कि पीक सीजन की घटनाओं के प्रति अधिक संवेदनशील होता जा रहा है। ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय पेशेवर सेवा नेटवर्क, केपीएमजी के भारत में परामर्श के राष्ट्रीय प्रमुख हेमंत झाझरिया ने इस रिपोर्ट पर बात करते हुए कहा, भारत में बीमा क्षेत्र एक नई यात्रा की शुरूआत कर रहा है, क्योंकि हमारा लक्ष्य एक अरब से अधिक लोगों को बीमा प्रदान करना है। डिजिटल-प्रथम अभिनव व्यवसाय मॉडल सुरक्षा अंतर को काफी हद तक पाट सकते हैं और हमें 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' विजन करीब ले जा सकते हैं। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, ॅहमारा ध्यान अब ग्राहक-केंद्रित समाधान विकसित करने और पॉलिसीधारकों के अनुभव को बढ़ाने, बीमा पहुंच और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने की ओर होना चाहिए। रिपोर्ट में डिजिटल भुगतान प्रणालियों को एकीकृत करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और हाशिए पर पड़े ग्राहक वर्गों के बीच बीमा कवरेज का विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा प्रवर्तित सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना का लाभ उठाने की संभावनाओं का भी पता लगाया गया है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जीवन साथी का जन्मदिन सबसे खास होता है। अनिल तोमर ने अपनी जीवन साथी डॉक्टर लीना चौहान तोमर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया।

## पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत 280 कंपनियों ने दिए 1.27 लाख इंटर्नशिप के ऑफर

**नई दिल्ली।** पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत करीब 280 कंपनियों ने हिस्सा लिया। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, स्कीम के तहत कंपनियों ने 1.27 लाख इंटर्नशिप के ऑफर पेश किए हैं। केंद्र ने अब इस स्कीम में कॉरपोरेट्स की भागीदारी के लिए ऑनबोर्डिंग विंडो बंद कर दी है। स्कीम के तहत इंटर्नशिप ऑफर रजिस्टर्ड करने के लिए ऑनबोर्डिंग विंडो को कॉरपोरेट्स के लिए 3 अक्टूबर को खोला गया था। युवाओं के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो 12 अक्टूबर को ओपन हुई थी। स्कीम के तहत युवाओं के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो नवंबर के शुरूआती दिनों तक ओपन रहने की उम्मीद है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## राशिफल

**मेष:** आज सिर्फ बैठने के बजाय कुछ ऐसा करें जिससे आपकी कमाई बढ़ सके। पारिवारिक जीवन को पर्याप्त समय और ध्यान दें।

**वृष:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। पूरा दिन नई ऊर्जा से भरा रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। धन के मामले में प्रगति होगी।

**मिथुन:** आज कोई आपकी छवि खराब कर सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। आपका जीवन साथी थोड़ा अजीब व्यवहार कर सकता है।

**कर्क:** अपने सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के कारण अपने आसपास के लोगों को प्रभावित करेंगे। अतिरिक्त पैसा रियल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।

**सिंह:** आज आपका दिन ठीक रहेगा। कुछ कार्यों में थोड़ा विलंब हो सकता है। इस राशि के लव पार्टनर के जीवन में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**कन्या:** आज कोशिश करें कि किसी भी तरह का जोखिम न लें। व्यापार स्थल पर माहौल अनुकूल रहेगा। योजनाओं से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**तुला:** मित्रों के सहयोग से आर्थिक परेशानी दूर होगी। परिवार के सदस्य या जीवन साथी तनाव का कारण बन सकते हैं। प्यार के मामले में सामाजिक बंधनों को तोड़ने से बचें।

**वृश्चिक:** दिन अच्छा बीतेगा। लोगों के बीच आपकी एक अलग छवि बनेगी। पार्टनर के साथ डिनर पर जा सकते हैं। लंबी दूरी की यात्रा सफल और सार्थक होगी।

**धनु:** बड़े और प्रतिष्ठित लोगों से मेलजोल बढ़ सकता है। दूसरों के मामले में अपनी राय व्यक्त करने से भी बचना चाहिए। जीवनसाथी के संबंधों में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**मकर:** आपके कंधों पर बहुत कुछ है और निर्णय लेने के लिए स्पष्ट सोच आवश्यक है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ:** आज रहेगा फिट और तंदुरुस्त। आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

**मीन:** आज ऐसी जानकारी को उजागर न करें जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। आज आपके करियर में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। आपकी हर जगह प्रशंसा होगी।

## चुटकुले

सिद्दू के घर पल्स पोलियो की टीम आई
सिद्दू (बीवी से)- बंदूक और कारतूस कहां हैं?
ये सुनते ही टीम भागने लगी
तभी पीछे से सिद्दू ने आवाज दी
रुको ओये रुको, ये तो हमारे बच्चों के नाम हैं!

आधी रात को पप्पू की नींद खुली
पप्पू- अरे गप्पू, उठो
गप्पू- बोलो
पप्पू- तुम्हें आसमान में क्या नजर आ रहा है
गप्पू- तारे, और तुम्हें
पप्पू- तारे
गप्पू- कितना खूबसूरत है आसमान
पप्पू- डार्विन के बाप, टेंट चोरी हो गया है।

बंटी स्कूल से जल्दी घर आ गया...
मां- क्या हुआ बेटा, आज जल्दी घर आ गए।
बंटी- हां मां, मैंने एक मच्छर मार दिया तो मैडम ने भगा दिया।
मां- क्या? एक मच्छर मारने पर स्कूल से भगा दिया।
बंटी- मच्छर मैडम के गाल पर बैठा था।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।
- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।
- एक समुद्री केकड़े का दिल उसके सिर में होता है।
- इंटरनेट पर 80% ट्रैफिक, सर्च इंजन से आता है।
- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।



# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत ने कोहली को पछाड़ा, टॉप-20 में रचिन रवींद्र

**नई दिल्ली ।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने साथी विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है, जबकि न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र इसी श्रेणी में टॉप-20 में शामिल हो गए हैं।

ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहले टेस्ट में 20 और 99 रन की पारी खेली थी। वह टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट रैंकिंग में शीर्ष पर अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल तीसरे स्थान पर हैं। पंत और कोहली के साथ शीर्ष 10 में शामिल वह अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं।

न्यूजीलैंड के नजरिए से रविंद्र 36 पायदान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



**पाकिस्तान के ऑलराउंडर सलमान अली आगा ने दूसरे मैच में 31 और 63 रन की पारी खेली थी, जिसके बाद वह आठ स्थान के फायदे से 14 वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मेहमान टीम ने दूसरे मैच में जीत दर्ज कर घरेलू मैदान पर टेस्ट जीत का सूखा खत्म किया था।**

उन्होंने 134 और नाबाद 39 रन की पारी खेली थी, जिससे मेहमान टीम को 1988 के बाद भारत में पहली टेस्ट जीत मिली थी।

सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे 12 पायदान ऊपर 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

पाकिस्तान के ऑलराउंडर सलमान अली आगा ने दूसरे मैच में 31 और 63 रन की पारी खेली थी, जिसके बाद वह आठ स्थान के फायदे से 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मेहमान टीम ने दूसरे मैच में जीत दर्ज कर घरेलू मैदान पर टेस्ट जीत का सूखा खत्म किया था।

सलमान ने अपनी पिछली चार टेस्ट पारियों में से तीन में 50 रन बनाए हैं। अब वह अपने साथी बाबर आजम (19वें), मोहम्मद रिजवान (21वें) और सऊद शकील (27वें) को पीछे छोड़कर पाकिस्तान के सर्वोच्च रेटिंग वाले टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं।

# बृजभूषण मामले में साक्षी ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली ।** रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने अपने कुश्ती सफर का विवरण देते हुए पुरुष प्रधान खेल में एक महिला होने के संघर्षों पर अपनी बात रखी। उन्होंने 2012 की एक घटना का जिक्र किया, जब उन्हें भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण सिंह से उत्पीड़न सहना पड़ा था।

उस समय को याद करते हुए उन्होंने बताया कि अपनी बात कहने से उनका करियर बर्बाद हो सकता था, इसलिए उन्होंने अपना प्रशिक्षण जारी रखने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने को प्राथमिकता दी, भले ही माहौल बेहद चुनौतीपूर्ण था।

साक्षी ने आईएएनएस से कहा, मैं काफी समय से किताब लिखना चाहती थी, खासकर ओलंपिक के बाद मैं इस ओर ध्यान देती। मैं चाहती थी कि मेरी कहानी हर कोई जाने और समझे। मेरा मानना था कि इससे मेरे संघर्षों के कारण कई लड़कियों को प्रेरित करे और उन्हें जानकारी दे।



विरोध प्रदर्शनों के बाद मैंने यह फैसला किया और कुछ दिनों के बाद मैंने सीनियर्स के बारे में बातें सुननी शुरू कर दीं। लोग कहते थे, 'यह आदमी है' और 'वह ऐसा ही है'। 2012 में मेरा एक्सीडेंट हुआ था, जब तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण सिंह ने मुझे परेशान किया। मुझे पता था कि यह गलत है और मैंने सीधे तौर पर मना कर दिया, मैंने अपनी किताब में भी कहानी बताई है, वह समय मेरे लिए वाकई बहुत मुश्किल था।

साक्षी ने इसलिए कदम उठाने का फैसला किया क्योंकि वह नहीं चाहती थीं कि महिला पहलवानों की आने वाली पीढ़ियां भी उन्हीं कठिनाइयों से गुजरें।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : जानें टीम इंडिया का ऐलान कब? इन खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के बाद हो सकता है। सेलेक्टर्स पुणे टेस्ट के बाद मीटिंग कर टीम का चयन कर सकते हैं।

भारत अपने घर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रहा है, लेकिन सभी की निगाहें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर टिकी हैं, जो 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। हालांकि, भारतीय टीम कीवी टीम के खिलाफ सीरीज के लिए चुनी गई टीम के समान ही रहने की संभावना है, लेकिन अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति टीम में एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज ऑलराउंडर को शामिल करने पर विचार कर रही है।

हार्दिक पांड्या पीठ में गंभीर चोट लगने के बाद रेड बॉल क्रिकेट से दूर हैं और वह फिलहाल सफेद बॉल क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। हालांकि, उन्हें बड़ौदा में नेट्स में लाल बॉल से गेंदबाजी करते हुए देखा गया था। जिससे उनके भी टेस्ट क्रिकेट में वापसी को लेकर अटकलें तेज हो गई है।

मीडिया की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में डेब्यू करने वाले नीतीश कुमार रेड्डी टेस्ट टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार हैं। चयनकर्ता पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे मैच के बाद होने वाली बैठक में रेड्डी को शामिल करने पर फैसला लेंगे। भारत ऑस्ट्रेलिया में नेट गेंदबाजों को भी ले जाएगा।

शार्दुल ठाकुर, जो आखिरी बार दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैच में खेले थे और 2020/21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे में गाबा में भारत की ऐतिहासिक जीत का हिस्सा थे, उनके पास पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम के साथ यात्रा करने का मौका है।



## शतरंज ओलंपियाड के स्वर्ण पदक ने पुराना हिसाब किया चुकता : तानिया सचदेव

**नई दिल्ली।** चेन्नई में 2022 शतरंज ओलंपियाड में महिला टीम के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, जिसमें भारत ने इस इवेंट में अपना पहला पदक जीता, टीम गोल्ड मेडल से चूक गई थी। हालांकि, अब वरिष्ठ महिला शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव का मानना है कि 2024 में उनके ऐतिहासिक प्रदर्शन ने पिछले संस्करण का हिसाब चुकता कर दिया है।

तानिया ने आईएएनएस से कहा, ₹2022 में यह बहुत चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि भले ही हमने महिला टीम के लिए ऐतिहासिक कांस्य पदक हासिल किया था, लेकिन हमने इससे पहले कोई पदक नहीं जीता था, हालांकि हमें ऐसा लगा कि जैसे गोल्ड हमसे छीन लिया गया हो। 2024 में टीम में वापस आकर मैंने चेन्नई ओलंपियाड पर धैर्य के साथ फोकस किया और मन में सोचा कि शायद यही मेरा एकमात्र मौका है। हमें इसका लाभ भी मिला और यह एक लंबी यात्रा रही है। 2022 में जो हुआ था, उसका हिसाब चुकता करने का समय आ गया था।



महिला वर्ग में डी.हरिका, आर.वैशाली, दिव्या देशमुख, तानिया सचदेव और वंतिका अग्रवाल की भारतीय टीम ने आठवें राउंड में पोलैंड से मिली हार के बाद जोरदार वापसी की और अंतिम राउंड में अजरबैजान पर जीत के साथ खिताब जीता।

तानिया को उम्मीद है कि टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि और अधिक लड़कियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी।

## एमएलबी ने देश के सबसे बड़े हिटर को खोजने के लिए शिखर धवन को शामिल किया

**मुंबई।** मेजर लीग बेसबॉल और डिज्नी स्टार ने लगातार दूसरे साल भारत में बेसबॉल के विकास को दशार्नें वाली एक रियलिटी स्पोर्ट्स सीरीज बनाने के लिए सहयोग किया है। ह्यहॉटशॉट्सह्ल दुनिया के दो सबसे लोकप्रिय बैट-एंड-बॉल खेलों के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवाल का जवाब देता है: क्या भारत के कुछ बेहतरीन शौकिया क्रिकेटर छक्के मारने जितना होम रन मार सकते हैं? ह्यहॉटशॉट्सह्ल देश के 10 सर्वश्रेष्ठ शौकिया बल्लेबाजों की हिटिंग क्षमता का परीक्षण करता है, जिसमें विजेता को 15 लाख रुपये का शीर्ष पुरस्कार दिया जाता है।




चार एपिसोड की इस सीरीज में शिखर धवन, पूर्व भारतीय क्रिकेटर, एडम जोन्स, 5 बार ऑल-स्टार स्लगर, जिन्होंने अपना ज्यादातर एमएलबी करियर बाल्टीमोर ओरिओल्स के साथ बिताया, और स्टार स्पोर्ट्स के कमेंटेटर जतिन सप्रू शामिल हैं। शिखर और एडम मिलकर 10 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करते हैं, जिनमें से सभी की बेसबॉल में रुचि होने की दिलचस्प कहानियाँ हैं, ताकि वे अपने जीवन के सबसे लंबे हॉट शॉट लॉन्च करके रोमांचक फाइनल राउंड में पुरस्कार जीत सकें।

'हॉटशॉट्स' पिछले साल के 'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' का अनुसरण करता है, जिसे डिज्नी स्टार के प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित किया गया था और जिसमें 2023 में एमएलबी ड्राफ्ट के पहले राउंड में चुने जाने वाले पहले-पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी अर्जुन निम्माला की प्रेरक वास्तविक जीवन की कहानी बताई गई थी। डिज्नी स्टार 2020 से भारत में एमएलबी का प्रसारण भागीदार रहा है और वर्ल्ड सीरीज और एमएलबी पोस्टसीजन के अतिरिक्त राउंड प्रसारित करता है।

यह सीरीज 25 अक्टूबर, 2024 को लॉन्च होगी, जिसमें चार एपिसोड में से पहला स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 1 और स्टार स्पोर्ट्स 2 पर सुबह 11 बजे पर प्रसारित होगा, उसके बाद पूरे दिन में बार-बार प्रसारित किया जाएगा। अगले तीन एपिसोड 28 अक्टूबर तक प्रतिदिन एक-एक करके रिलीज किए जाएंगे। सभी चार एपिसोड 25 अक्टूबर से डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध हैं।

# केएल राहुल को पता होगा कि उन्हें बड़े रन बनाने हैं : गंभीर

**पुणे ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे टेस्ट से पहले, मुख्य कोच गौतम गंभीर ने केएल राहुल का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें यकीन है कि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज बड़े रन बनाने के बारे में जानता है।

उन्होंने यह भी कहा कि टीम प्रबंधन के विचार प्लेइंग इलेवन को आकार देते हैं, न कि सोशल मीडिया की आलोचना।

बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की आठ विकेट की हार में राहुल ने दोनों पारियों में शून्य और 12 रन बनाए।

सरफराज खान के शानदार 150 रन बनाने और शुभमन गिल के पुणे में खेलने के लिए फिट होने के साथ, राहुल पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव बढ़ रहा है, खासकर ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी यात्रा के साथ।

गंभीर ने कहा, "देखिए, सबसे पहले, सोशल मीडिया का कोई मतलब नहीं है।

आप सोशल मीडिया या उस मामले के लिए सोशल मीडिया पर



खिलाड़ियों को नहीं चुनते हैं, यहां तक कि विशेषज्ञ क्या कह रहे हैं। टीम प्रबंधन और नेतृत्व समूह क्या सोचते हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है। आखिरकार, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का मतलब है जजमेंट।

... दूसरी ओर, गिल गर्दन की जकड़न के कारण बेंगलुरु टेस्ट से बाहर हो गए थे और अब वे पुणे टेस्ट के लिए वापस आएंगे।

" हालांकि गंभीर ने माना कि प्लेइंग इलेवन का चयन अभी नहीं हुआ है, क्योंकि भारत तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ने के बाद वापसी करना चाहता है।

(पंत) वह बिल्कुल ठीक हैं, कल विकेटकीपिंग करेंगे। शुभमन गिल गर्दन में चोट के कारण ही पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। बांग्लादेश के खिलाफ जिस तरह से उनका प्रदर्शन रहा है, जाहिर है कि वे प्लेइंग इलेवन में वापस आएंगे।

अभी तक बाकी प्लेइंग इलेवन का फैसला नहीं हुआ है। हम कल सुबह प्लेइंग इलेवन का फैसला करेंगे, यह देखते हुए कि हम किस संयोजन के साथ जाना चाहते हैं। आखिरकार, हम जिस भी संयोजन के साथ जाएंगे, वह इस टेस्ट मैच को जीतने का एक तरीका होगा।

भारत ने ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को वापस बुलाकर सबको चौंका दिया था, और गंभीर ने कहा कि यह सामरिक कारणों से था। हमें लगा कि शायद उनके पास प्लेइंग इलेवन में चार या पांच बाएं हाथ के खिलाड़ी भी होने चाहिए। अगर हम एक और गेंदबाज चाहते हैं जो बाएं हाथ के बल्लेबाजों से गेंद को दूर ले जा सके, तो यह हमेशा हमारे लिए भी उपयोगी होगा।

लेकिन हमने तय नहीं किया है कि हमारी प्लेइंग इलेवन में कौन होगा। हमारा मानना है कि शायद (न्यूजीलैंड) मध्य क्रम में दो ओपनिंग बल्लेबाज, एक बाएं हाथ का बल्लेबाज और रचिन (रवींद्र) हैं। इसलिए हमें लगता है कि अगर वाशिंगटन हमें बीच में अधिक नियंत्रण दे सकता है, तो यह हमेशा हमारे लिए अच्छा रहेगा।

## साक्षी मलिक पर बबीता फोगाट का पलटवार, ईमान बेचने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली ।** ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक (पहलवान) ने आत्मकथा 'विटनेस' में कुछ ऐसे सवाल उठाए हैं जिन्हें लेकर हंगामा मच गया है।



किताब को लेकर हो रहे सवाल जवाब के बीच उन्होंने एक साक्षात्कार में दावा किया कि बबिता कुश्ती महासंघ की अध्यक्ष बनना चाहती हैं। उनके इस वार पर बबीता फोगाट ने पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में साक्षी मलिक पर अपनी किताब बेचने के चक्कर में ईमान बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा, ह्लखुद के किरदार से जगमगाओ, उधार की रोशनी कब तक चलेगी। किसी को विधानसभा मिला किसी को मिला पद, दीदी तुमको कुछ न मिला हम समझ सकते है तुम्हारा दर्द।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए वार्नर की टेस्ट वापसी के सख्त खिलाफ हैं इयान हीली

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर इयान हीली ने कहा है कि वह डेविड वॉर्नर के रिटायरमेंट से वापसी करके भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलने के सख्त खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि चयनकताओं को भविष्य के खिलाड़ियों पर ध्यान देना चाहिए।

वॉर्नर ने इस साल जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। हालांकि, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से कहा था कि वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलने के लिए संन्यास से वापसी करने के लिए तैयार हैं और इस बारे में उन्होंने कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को मैसेज भी किया है।

हीली ने एसईएन रेडियो पर कहा, ₹नहीं (वॉर्नर की वापसी पर)...अगर आपको ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना है, तो आपको पूरी तरह से खेल के



रास्ते पर चलने की प्रतिबद्धता दिखानी होगी। और ऑस्ट्रेलिया को अपने भविष्य पर ध्यान देना होगा। क्या हमें युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहिए या किसी और को?

हीली ने कहा कि उन्हें पता चला है कि वॉर्नर ने बैगी ग्रीन को फिर से पहनना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह जानना चाहते हैं कि यह मामला कैसे हुआ। क्या यह सिर्फ मीडिया में कोई सवाल था, जिसका वॉर्नर ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, या फिर वह वाकई गंभीर थे?

ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने वाले दूसरे खिलाड़ी की तलाश है। स्टीव स्मिथ ने वॉर्नर की अनुपस्थिति में यह भूमिका निभाई थी। अब फिर से नंबर चार पर खेलेंगे। हीली का सुझाव है कि वह मिच मार्श को ओपनर के रूप में देखना पसंद करेंगे और विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस को छठे नंबर पर बल्लेबाजी कराना चाहेंगे। हीली ने कहा, मैं मिच मार्श को ओपनिंग के लिए चुनूंगा और जोश इंग्लिस को छठे नंबर के लिए क्योंकि इंग्लिस ने लगातार दो शतक बनाए हैं, फिर हम उन्हें क्यों नहीं चुन रहे हैं ।

# फ्रेजर को लंबे प्रारूप में रन बनाने के लिए फाइन-ट्यूनिंग की जरूरत है : टेलर

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने कहा कि युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क को लंबे प्रारूप में रन बनाने और भविष्य में टेस्ट चयन के लिए विचार किए जाने के लिए थोड़ा और फाइन-ट्यूनिंग की जरूरत है।

फ्रेजर-मैकगर्क, जिन्हें कई लोग सलामी बल्लेबाज की भूमिका में डेविड वार्नर के उत्तराधिकारी के रूप में देखते हैं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और आईपीएल में बहुत सारे व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलने के बाद वर्तमान सत्र में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड मैचों में नहीं खेले हैं, जिससे उन्हें अपने रेड-बॉल कौशल पर काम करने का कोई मौका नहीं मिला।

वह अगली बार तब एक्शन में दिखेंगे जब ऑस्ट्रेलिया 4 नवंबर से पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर वनडे मैच खेलेगा।



मुझे नहीं पता कि इस समय (वह टेस्ट क्रिकेट खेल सकता है या नहीं), लेकिन मैं उसे अभी वहां नहीं रख सकता। अगर आप डेविड के करियर को देखें, तो हां, उसने टी20 खिलाड़ी के रूप में शुरूआत की थी, लेकिन उसके पास हमेशा एक अच्छी तकनीक भी थी। गेंद को हिट करने की अपनी क्षमता को लंबे प्रारूपों में रन बनाने में बदलने के लिए उसे बहुत अधिक फाइन-ट्यूनिंग की आवश्यकता नहीं थी और मुझे यकीन नहीं है कि फ्रेजर-मैकगर्क अभी उस तरह का खिलाड़ी है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह कई बार गेंद को बॉउंड्री के पार मार सकता है और मैच को बदल सकता है, लेकिन उसने निश्चित रूप से मुझे इतना नहीं दिखाया है कि मैं सुझाव दूं कि वह भारत या इंग्लैंड के खिलाफ पांच दिवसीय खेल में ऐसा कर सकता है।

**टेलर ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा कि उन्हें यह भी लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति ने पिछले कुछ वर्षों में टेस्ट टीम के चयन के बारे में अलग दृष्टिकोण अपनाया है, क्योंकि युवा खिलाड़ी लाल गेंद से क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, जबकि विश्व स्तर पर टी20 मैचों में काफी वृद्धि हुई है।**

टेलर ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा कि उन्हें यह भी लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति ने पिछले कुछ वर्षों में टेस्ट टीम के चयन के बारे में अलग दृष्टिकोण अपनाया है, क्योंकि युवा खिलाड़ी लाल गेंद से क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, जबकि विश्व स्तर पर टी20 मैचों में काफी वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा, इन दिनों क्रिकेट की दुनिया में समस्या यह है कि यह अब सामान्य बात हो गई है। घरेलू और विश्व स्तर पर टी20 क्रिकेट की मात्रा के कारण खिलाड़ियों को शेफील्ड शील्ड या लाल गेंद से क्रिकेट खेलने का कम अवसर मिलता है। मुझे लगता है कि इन दिनों चयनकर्ता केवल लाल गेंद से खेले जाने वाले रनों के आधार पर निर्णय नहीं ले रहे हैं। वे केवल समग्र फॉर्म को देखते हैं ।

## प्रापर्टी डीलर की हत्या, फॉर्च्यूनर में जलाई लाश

# भांजे ने कहा-हत्यारे का हाथ जला, सीसीटीवी में नजर आया, दो दोस्तों को पुलिस ने पकड़ा

**नोएडा करंट क्राइम।** गाजियाबाद में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कर दी गई। हत्यारे शव को उसकी फॉर्च्यूनर गाड़ी में डालकर करीब 8 घंटे तक घुमाते रहे। करीब 25 ` दूर नोएडा के दादरी में शव को फॉर्च्यूनर में रखकर आग लगा दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक- दादरी के नगला नैनसुख गांव के पास मंगलवार रात 11 बजे सड़क से करीब 100 मीटर अंदर कार झाड़ियों में जलती हुई मिली। कार को जलते देख आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे, तो एक युवक मुंह के बल कार में पड़ा हुआ था। हत्या को हादसे में बदलने की कोशिश की गई। पुलिस के मुताबिक- काले रंग की फॉर्च्यूनर कार जलते हुए मिली। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 14 जीसी 3609 है। बरामद शव की पहचान गाजियाबाद के नेहरू नगर निवासी संजय यादव के रूप में हुई। वह प्रॉपर्टी डीलर थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। आग को बुझाकर प्रॉपर्टी डीलर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। इससे पहले पुलिस ने संजय यादव के घर वालों को सूचना दे दी थी।




### पेट्रोल टैंक में लगाई आग, कार के गेट कर दिए लॉक

जलती कार को देख सड़क से गुजर रहे कुछ लोग झाड़ियों की तरफ गए। तब कार के एक तरफ आग लगी हुई थी। लोगों के मुताबिक- ड्राइविंग सीट पर एक युवक का सिर हैंडल और शीशे के बीच फंसा था। कार से युवक को निकालने के लिए गेट खोलने लगे लेकिन गेट नहीं खुले। कार के पेट्रोल टैंक में आग लगी थी। महज 10 मिनट में पूरी कार धू-धू कर जलने लगी।

### 3 बजे के बाद से लापता थे संजय यादव

संजय यादव के भांजे हर्ष यादव ने बताया- मेरे मामा कंस्ट्रक्शन का काम करते थे। मंगलवार को दोपहर 3 बजे से गायब थे। दोपहर 2:50 उनसे बात हुई थी। ब्याज का भी काम करते थे इसलिए पैसे लेने गोविंदपुरम गए थे। मेरे मामा का मर्डर तीन बजे के आसपास हो गया था। इसके बाद आरोपी लाश लेकर भाग गए। हर्ष ने कहा- 3 से 5 बजे तक मामा का फोन स्विच ऑफ था। फिर उनका फोन ऑन हुआ, लेकिन कोई भी फोन नहीं उठा रहा था। इसलिए हम लोगों को शक हुआ। हमने फोन ट्रेस करवाया, तो लोकेशन गोविंदपुरम मिली। परिवार के साथ हम वहां पहुंचे। हम लोगों ने पुलिस की मदद ली। रात 10 बजे तक हम लोग मामा को ढूंढते रहे।

### आग लगाने के बाद जल गया आरोपी का हाथ

हर्ष यादव ने कहा- रात 11 बजे हमारे पास दादरी से खबर आई कि वहां एक एक्सीडेंटल फॉर्च्यूनर गाड़ी मिली है। तब हमने गाड़ी का नंबर भेजा, तो पता चला कि गाड़ी वही है। तब हमें यह नहीं पता था कि गाड़ी जली है या नहीं। रास्ते में हमें पता चला कि गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी है। हर्ष ने बताया- जब हम मौके पर पहुंचे तब पता चला कि ड्राइविंग सीट पर बॉडी मिली है। फिर पुलिस ने कार्रवाई की। पता चला कि दो लोगों ने गाड़ी में आग लगाई। इस दौरान एक आरोपी का हाथ भी जल गया। आरोपी वहां से भागते समय टोल प्लाजा के कैमरों में कैप्चर हो गए। इसके बाद पुलिस ने अलर्ट कर दिया कि दो आदमी अगर अस्पताल में इलाज कराने आते हैं, तो हमें बताएं।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गोतस्करों को लगी गोली, जंगल में गोकशी करने जा रहे थे बदमाश, तीसरा आरोपी मौके से फरार




**गाजियाबाद कंट क्राइम।** गाजियाबाद के देहात जोन के थाना भोजपुर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो बदमाशों के गोली लगी है। जबकि एक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक पुलिस जंगल में कंबिंग कर रही थी। इसी दौरान यह तीन अपराधी गोकशी करने जा रहे थे। बदमाशों के पास से अवैध हथियार और गोकशी करने का सामान बरामद हुआ। गाजियाबाद में एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया की थाना भोजपुर पुलिस फरीदनगर के जंगल में कांबिंग कर रही थी। इसी दौरान जंगल में गोकशी करने के फिराक में तीन बदमाश देखे गए। जिनकी पुलिस ने घेराबंदी की। जब बदमाशों ने अपने आप को घिरता देखा तो बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों को गोली लगी है।

### फरार बदमाश की तलाश, मिले अवैध हथियार

जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाशों के नाम दानिश और अयूब हैं। जो दोनों फरीदनगर थाना भोजपुर के ही रहने वाले हैं। जबकि जो बदमाश फरार हुआ है उसका नाम सारून है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि इन्ही बदमाशों ने 20 अक्टूबर को फरीदनगर में गोकशी की घटना को अंजाम दिया था। बदमाशों के कब्जे से दो तमंचा कारतूस और गोकशी करने के औजार बरामद किए हैं।




### सारे चतुर सुजान ही मिले महावत बन जायेगी बसपा में ये कहावत

सूटकेस वाली सियासत अब अपना बेस खो रही है। साईकिल वालों के यहां से रिजेक्ट हुये लाला जी नीले हाथी के महावत बन कर आ गये हैं। वो कैसा चुनाव लड़ेगें इसके लक्षण अभी से नजर आ रहे हैं। नीले महावत ने ही कहा कि लाला जी तो बातों की कढ़ाही में वादों के रसगुल्ले तल रहे हैं। हमें तो उनके आसार अभी से ठीक ना लग रहे हैं। पुराने महावत ने कई नाम गिनाये और कहा कि बसपा में अब नई कहावत बन ही जायेगी कि यहां तो जो भी आता है अगले घर का ही आता है। फूल वाले पुरबिया पंडित जी बागी होकर विधानसभा के मैदान में हाथी पर सवार होकर आ गये मगर हाथी को चारा खिलाना उनके बस की बात नही रही और थर्ड प्लेस पर रह गये। कमलिया ठाकुर ने जितनी घोड़े की टांग दबाई अगर वो उतनी पूंछ ही हाथी की पकड़ लेते तो अंडर वन लाख तो नही रहते। वो भी हाथी को चारा तो क्या ही खिलाते वो तो खाना भी नही खिला पाये। मेयर चुनाव में भी सूटकेस वालों ने सगंठन वाले महावतो की किसी बात पर ना कान दिये ना ध्यान दिया। लाला जी हाथ से वाया साईकिल होते हुये हाथी पर विधानसभा के महावत बन कर आ तो गये हैं मगर सुना है वो अभी से थैली में ग्रोंठ बांध कर बैठ गये हैं।

### कौन भगवा शिकायतखोर जो मांग रहा है ढाई लाख रूपये प्रति फ्लोर

पीएम सीएम के नाम पर वोट देने वाले अब कुछ भगवा चेहरों से परेशान हैं। ठेला लगाने वाले परेशान हैं, मेंहदी लगाने वाले परेशान हैं, मकान बनाने वाले परेशान हैं। सरकार वाले ही सरकारी महकमों में जाकर जनता की शिकायते कर रहे हैं। वो सारे घोड़े दौड़ा रहे हैं और पब्लिक के होते काम में शिकायत वाले रोड़े अटका रहे हैं। किस्सा उस नेता को लेकर चला जो इन दिनो बिजनेस ही शिकायत का कर रहा है। वो रोजाना शिकायते कर रहा है। उसकी ही बिरादरी के पार्षद हसबैंड के पास उसका केस आया और बताने वाले ने बताया कि इतने तो जेई नही लेगा जितने वो मांग रहा है। सुना है कि वो भगवा शिकायतखोर प्रति फ्लोर के ढाई लाख रूपये मांग रहा है। जिनके पास उसका केस पहुंचा है वो भी बहुत ही पहुंचे हुये फेस माने जाते हैं और बिगड़ गये तो फिर केस पूरा करते हैं। वो कह रहे हैं कि मजबूरी ये है कि मुझे साईलेंट रहने के निर्देश मिले हुये हैं।

### जब जली थी लंका तब मुखबिर ने लगा दी थी पटाखे वाले की लंका

दीवाली से पहले पटाखे वालों की लंका लग ही गई। छोटी मोटी लड़िया पूरी कड़िया बना कर अम्बेडकर पार्क के बाहर खड़ी हो गई। काले रंग वाले भी और उम्रदराज वाले भी वहां पहुंचे। उनकी हमदर्दी में पतंग वाले भी पहुंचे। लेकिन जिस पतंग वाले के यहां छापा लगा वो मिन्टू पतंग वाला है। बाते खुल रही हैं तो पता चला कि पटाखे वाले की लंका तो उसी रात मुखिबर ने लगा दी थी जिस रात रामलीला मैदान में लंकेश की लंका जल रही थी। मुखबिर ने पटाखे वाले के घर से लेकर उसका गोदाम तक सब कुछ दिखा दिया था। पता चला कि बदले की आग में ये काम हो गया। जो इस साल मुखबिर बना वो पिछले साल पटाखा कारोबारी था और उसकी लंका भी किसी ने लगवाई थी। उसके यहां पुलिस की रेड पड़वाई थी। उसने इस साल दूसरों की लंका लगवा दी है।

## न्यूज डायरी

### स्व. सोहनलाल सोनी की 6वीं पुण्यतिथि मनाई



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** समाजसेवी व स्वर्णकार समाज के चिरपरिचित स्व0 सोहन लाल सोनी की 6वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहर के गणमान्य व राजनीतिक लोगों ने हिस्सा ले उन्हें नमन किया। स्व0 सोहन लाल सोनी के पुत्र विकास सोनी ने अपने प्रतिष्ठान आर0वी0 ज्वैलर्स गोविन्दपुरी पर अपने पिता की 6 वीं पुण्य तिथि पर विशाल भंडारें व हवन का आयोजन किया। इस दौरान विधायक डॉ० मंजू सिवाच, पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा, चेयरमैन विनोद वैशाली, पूर्व चेयरमैन पं० राम आसरे शर्मा, स्वर्णकार समाज मोदीनगर कार्य समिति के सम्मानित सदस्य एवं सुरेश चंद सोनी, श्रीचंद सोनी, देवेन्द्र सोनी, पूर्व सभासद रवि वर्मा, मोंटी वर्मा, पुनीत वर्मा, मोहित सोनी व गणमान्य स्वर्णकारबंधु उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया पैरेन्टस-डे



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** हापुड रोड स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की प्राइमरी विंग में पैरेन्टस-डे का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम को देखने के लिए बच्चों के माता-पिता व दादा-दादी भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ0 एनपी सिंह, उपप्रधानाचार्य डॉ0 गुरमीत गुप्ता, जूनियर विंग प्रभारी डॉ० रश्मि तेवतिया श्रीमती रिया बधवार उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तिव के विकास के लिए आवश्यकता पर बल दिया। मंच का संचालन कीर्ति गुप्ता व कक्षा तीन के छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राइमरी विंग व सभी अध्यापिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। अंत में विंग इंचार्ज रिया बधवार ने अभिभावकों का धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया।

# रास्ते में पड़ी मिलीं एक्सपायर दवाएं

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र के मटियाला में एक ट्रक के पास एक्सपायर दवा पड़ी मिली है। यह सभी दवा एक ही कंपनी की है। इन दवाओं में टेबलेट्स, जेल, मॉइश्चराइजर और क्रीम आदि हैं। औषधि विभाग के मुताबिक जिस कंपनी की यह दवाई है उसको 2022 में गाजियाबाद से लाइसेंस मिला था। जो रोहतक से अपनी दवाई बनवाते हैं। दवाइयां नष्ट की जा रही हैं।



### युवक ने वीडियो बनाकर किया वायरल

गाजियाबाद के थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र के मटियाला गांव में एक शख्स ने एक वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो बनाने वाले शख्स का दावा है कि जब वह यहां से गुजर रहा था तब उसे रास्ते में तीन-चार लोग खड़े दिखाई दिए। जब उसने उनसे पूछताछ करनी चाहिए तो वहां से फरार हो गए। उन्होंने करीब एक ट्रक दवाइयां जो कि एक्सपायर हैं वह वहां डंप की हैं। इस मामले में एसीपी कवि नगर अभिषेक उपाध्याय ने बताया की वायरल वीडियो के आधार पर जांच करवाई जा रही है। साथ ही औषधि विभाग को इसकी सूचना दी गई है।

औषधि विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर आशुतोष मिश्रा ने बताया की सूचना पर उनकी पूरी टीम मौके पर पहुंची है। यह सभी दवाई योजस नाम की कंपनी की हैं। इस कंपनी को 2022 में गाजियाबाद से लाइसेंस मिला था। यह कंपनी रोहतक से दवाई बनवाती है। फिलहाल गाजियाबाद में जो एड्रेस इंदिरापुरम के जयपुरिया मॉल का रजिस्टर्ड हैं। वहां इस तरह की कोई दफ्तर नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है और सभी दवाई को नष्ट कराया जा रहा है।

# ड्यूटी से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला

● आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** ड्यूटी से घर वापस लौट रहे एक युवक पर दूसरे सम्प्रदाय के युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया, वहीं जगतपुरी बस्ती में भी एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। दोनों मामलों को बजरंग दल के जिला सहसंयोजक मधुर नेहरा ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

निवाड़ी थानान्तर्गत गांव गांव अबूपूर निवासी नवीन चौधरी सायं करीब सात बजे ड्यूटी से घर वापस लौट रहे थे। इस बीच गांव के ही दूसरे सम्प्रदाय के युवकों ने उन्हें रास्ते में राजन के घर के सामने रोक लिया और गाली गलौच कर उन पर चाकुओं से वार कर दिया, जिसमें नवीन गंभीर रूप से घायल हो गये। इस मामले में गांव के तौसिफ, मोनू के खिलाफ तहरीर दी गयी हैं। वहीं जगतपुरी बस्ती निवासी वीरू नामक युवक पर नाजिम व शाहिद ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया हैं। दोनों मामलों के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है, जिसे लेकर बजरंग दल के शहर संयोजक शुभम शर्मा पीड़ितों के साथ थाने पहुंचे और आरोपियों पर समाज में भय और अशांति फैलाने का आरोप लगाते हुये कार्यवाही की मांग रखी। इस मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक मधुर नेहरा ने कहा कि यदि आरोपी शीघ्र गिरफ्तार नही किये गये तो बजरंग दल व हिंदू संगठन के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।



# किसानों ने पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ी, प्राधिकरण की छत पर फहराया किसान यूनियन का झंडा

**नोएडा करंट क्राइम।** मांगों को लेकर किसानों ने नोएडा प्राधिकरण के बाहर प्रदर्शन किया। किसान दोपहर एक बजे हरौला बारात घर पहुंचे। यहां से किसान पैदल मार्च करते हुए प्राधिकरण पहुंचे। यहां मुख्य सड़क पर बैरिकेड लगाकर किसानों को रोकने का प्रयास किया।



यहां किसानों और पुलिस के बीच धक्का मुक्की हुई। इसके बाद किसानों ने बैरिकेड तोड़ दिया। किसान प्राधिकरण की सड़क पर आ गए। आनन-फानन में प्राधिकरण के सभी गेट को बंद किया गया। इसके बाद किसान वहीं सड़क पर बैठ गए।

किसानों ने हंगामा यहां शांत नहीं किया। कुछ किसान प्राधिकरण की छत पर चढ़ गए। वहां किसानों ने अपना झंडा लगा दिया। पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद किसान शांत हुए। प्राधिकरण के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गए। किसानों ने स्पष्ट कहा कि वे हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं है। हमारी मांग 10 प्रतिशत विकसित भूखंड और 64.7 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त मुआवजे की है। इसे हाई पावर कमेटी ने खारिज किया है। ऐसे में हमारी मांग जब तक पूरी नहीं होती प्रदर्शन जारी रहेगा। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बताएं कि किसानों से हुए समझौते किस रूप में और कितने अमल में लाए गए। जब तक यह समझौते पूर्ण रूप से नोएडा प्राधिकरण में लागू नहीं हो जाते तब तक भारतीय किसान यूनियन मंच नोएडा प्राधिकरण के गेट पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करता रहेगा।

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि जिन किसानों को मूल 5 प्रतिशत के प्लॉट नहीं मिले हैं। उन सभी किसानों को 5 प्रतिशत के मूल प्लॉट दिए जाएं। जिन किसानों के न्यायालय से आदेश आ चुके हैं उन सभी किसानों को अतिरिक्त 5 प्रतिशत के भूखंड या धनराशि दी जाए। सभी 81 गांवों का विकास सेक्टर की तर्ज पर किया जाए।

### प्राधिकरण की छत पर किसान ने झंडा लगाया

सभी किसानों को साल 1997 से 64.7 प्रतिशत मुआवजा ओर 10 प्रतिशत के विकसित भूखंड सभी किसानों को दिया जाए। नोएडा के सभी 81 गांव के किसानों की आबादी को 450 मीटर से एक हजार मीटर करते हुए आबादी का संपूर्ण समाधान करें। 1976 से 1997 तक के सभी किसानों को कोटा स्कीम के प्लॉट आवंटित करें, नोएडा प्राधिकरण के गांवों में स्वामित्व योजना लागू की जाये, गांव में नक्शा नीति समाप्त की जाए गांव में यह व्यावहारिक नहीं है।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में जेल में बंद दो बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई




**मोदीनगर, गाजियाबाद।** दो वर्ष पूर्व एक नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले जेल मे बंद आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी प्रशांत त्यागी ने बताया कि 8 अगस्त 2022 को विश्वकर्मा बस्ती निवासी एक व्यक्ति की 15 वर्षीय पुत्री को तीन युवकों ने अगवा कर एक कमरे में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस प्रकरण में गांव सीकरीखुर्द निवासी निकिल गुर्जर, बिटटू गुर्जर व ताज मौहम्मद को नामजद किया गया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल में बंद इन तीनों आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की है।

## जमीनी रंजिश के चलते दो पक्षों में झगड़ा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पारिवारिक जमीनी रंजिश के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर जानलेवा हमला बोल दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घायलों को स्थानीय सीएचसी भोजपुर अस्तपाल ले जाया गया है। थाना भोजपुर अन्तर्गत गांव त्यौड़ी-7 बिस्वा निवासी सागर पहलवान व पूर्व प्रधान मंसूर के बीच जमीनी विवाद जारी है, जिसके तहत सागर पहलवान के पौतों ने पूर्व प्रधान पक्ष के लोगों पर सरियों व डंडों से जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में मंसूर प्रधान का बेटा जावेद गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में आरोपी अब्दुल्ला, अकिल, शकील, महमूद आदि के नाम उजागर हुए हैं। हमले के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। जिसे लेकर पुलिस जांच कर कार्रवाही किये जाने की बात कह रही है।

## सिर उठाकर चलने पर आरोपी पक्ष ने युवक को बेरहमी से पीटा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सिर उठाकर चलने को लेकर आरोपी पक्ष ने एक युवक को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। बीच-बचाव में आये उसके माता पिता के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता कर डाली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं। निवाड़ी थानान्तर्गत गांव सारा निवासी उमरदीन का बेटा सुहैल जब एक किराना की दुकान पर सामान लेने के लिये घर से जा रहा था, तभी गांव के ही बिलाल व कैफ नामक दो युवकों ने उसे रोका ओर सिर उठाकर चलने पर एतराज जताया ओर उसे धमकी दी कि वह सिर उठाकर चलेगा तो उसे जान से मार दिया जायेगा। विरोध करने पर दोनो ने युवक को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे माता पिता को भी आरोपियों ने बेल्ट से पीट डाला। पुलिस ने घायल सुहैल की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।




## बाइट की टीआरपी में कौन चल रहा है टॉप

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत इस समय बड़ी संख्या में आईपीएस अधिकारी हैं। तो आईपीएस अधिकारी जोन से लेकर सर्किल तक का चार्ज संभाले हुए हैं। इन सबके बीच चर्चा चल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत बीते 20 दिनों से कौन आईपीएस अधिकारी ऐसा है जो बाइट की टीआरपी में सबसे ज्यादा हाईलाइट चल रहा है। वैसे कुछ ना कुछ ऐसा हो रहा है जो बाइट की डिमांड रहती है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि उनके सर्किल के किसी न किसी हाईप्रोफाइल मामले में प्रतिदिन आईपीएस अधिकारी की बाइट जारी हो रही है। उनके ही सर्किल का एक ऐसा मामला बना हुआ है जो बीते लंबे समय से नेशनल न्यूज का हिस्सा रहा है। तो वहीं उसको लेकर तमाम तरीके के बड़े घटनाक्रम भी अब तक हो चुके हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर उनके सर्किल में ऐसे मामले भी सामने आए हैं जो न सिर्फ खबर के लिहाज से खूब वायरल हुए बल्कि उनकी वीडियो ने सोशल मीडिया पर भी जमकर सनसनी मचाने का काम किया है। अगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के आधिकारिक पुलिस ग्रुप की ही बात की जाए तो शायद ही कोई ऐसा दिन या 24 घंटे होंगे जब उनके सर्किल से संबंधित मामले में उनकी बाइट जारी न की गई हो। इसलिए यह कहा जा सकता है कि बाइट की टीआरपी के मामले में वह आईपीएस अधिकारी सब पर भारी हैं। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में उन्हें अभी बहुत अधिक समय नहीं हुआ है लेकिन थोड़े ही समय में वाइट की टीआरपी के मामले में जो उनका रिकॉर्ड चल रहा है उसकी चर्चा कमिश्नरेट से लेकर आसपास के कमिश्नरेट और उनके बैच वाले ग्रुप में भी हो रही है। बताया जा रहा है कि भले उन्हें अभी अन्य जिम्मेदारियां ना दी गई हो लेकिन सर्किल वाली जिम्मेदारी के साथ उन्होंने अपना रिकॉर्ड ठीक बना लिया है। वह लगातार खुलासे और गुड वर्क के मामलों की जानकारी के साथ भी नजर आ रही हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में उन्हें एक और जिम्मेदारी दी जाएगी, जो उनकी आगे की ड्यूटी और ट्रेनिंग का हिस्सा भी मानी जाती है। देखना होगा कि अभी बाइट की टीआरपी के मामले में उनका रिकॉर्ड कमिश्नरेट में कौन से सर्किल वाले अफसर तोड़ पाते हैं या वह इसमें आगे भी टॉप पर ही बनी रहेंगी।




# पार्षद रवि भाटी ने किया दस लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 10 लाख की लागत से सूर्या पार्क विक्रम एंक्लेव के पार्क की बाउंड्री बॉल एवं सौंदर्यीकरण के निर्माण कार्य का उद्धघाटन पार्षद रवि भाटी ने बुधवार को नारियल फोड़कर किया। पार्षद रवि भाटी ने बताया कि सूर्या पार्क की स्थिति काफी खराब थी। कई बार स्थानीय निवासियों ने पार्क में निर्माण कार्य के लिए मुझे अवगत कराया था। इस पार्क का स्टीमेट पूर्व पार्षद सरदार सिंह भाटी ने पहले ही पास करवा दिया था। आज इस कार्य का शुभारम्भ किया जिसमें पार्क के चारों ओर बॉउंड्री बॉल तथा उस पर पेंट एवं दाना किया जाएगा। पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

इस मौके पर आरडब्लूए अध्यक्ष मुकेश यादव, मनवीर गोधरा, दीक्षित श्रीवास्तव, राजेंद्र चौधरी, रविंदर उपाध्याय, संतोष गुप्ता, एस के गुप्ता, बीना, विजेंद्र मावी, राहुल रावल, देव गुप्ता इत्यादि लोग मौजूद रहे।



# बम्हेटा गांव में पुरानी रंजिश के चलते मारी गोली, ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुई थी कहासुनी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वेब सिटी थानाक्षेत्र के गांव बम्हेटा में बुधवार को लाला यादव पुत्र भीम सिंह यादव व सुनील यादव पुत्र किरणपाल पक्ष के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि रविंद्र उर्फ लाला यादव और उसके भाई कविन्द्र ने अपने घर के बाहर चारपाई पर बैठे सुनील यादव को गोली मार दी और फरार हो गए। कंधे में गोली लगने से घायल सुनील यादव उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में सुनील यादव के तहेरे भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



### घायल के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट


एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि थाना पुलिस को दी गई तहरीर में घायल सुनील के भाई कपिल ने आरोप लगाया है कि लाला यादव द्वारा सुनील यादव पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई गई। गोली सुनील यादव के कंधे में लगी है। डॉक्टर ऑपरेशन करके गोली निकाले जाने की बात कह रहे हैं।

मामले में एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि थाना वेव सिटी पुलिस टीम द्वारा सुनील यादव की हत्या के प्रयास के आरोप में रविन्द्र उर्फ लाला यादव और कविन्द्र पुत्रगण भीम सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा व कारतूस बरामद किए गए हैं। दोनों को आदित्य वर्ल्ड सिटी स्थित काली माता मंदिर के पास से एक कार में गिरफ्तार किया गया।

### घर के सामने से ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुई कहासुनी

एसीपी के मुताबिक पूछताछ के दौरान रविन्द्र उर्फ लाला यादव ने बताया कि आज मैं अपने ट्रैक्टर ड्राईवर के साथ सुनील पुत्र किरणपाल के घर से सामने से अपने ट्रैक्टर पर जा रहे थे, तभी सुनील ने मुझे टोका तथा कहा कि मेरे घर के सामने से ट्रैक्टर क्यों निकालते हो। इस पर मैनें भी कहा कि यह रास्ता कोई तुम्हारा निजी रास्ता नहीं है, तभी हम दोनों में कहासुनी हो गयी थी और देख लेने की बात कही थी, मैं उस समय चला गया था।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव, 18 साल पहले हुई थी शादी



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा में एक विवाहित महिला का संदिग्ध हालत में शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर महिला के मायके वाले पहुंच गए और पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरा मामला बुलंदशहर के गांव भैसरोली का है। यहां के रहने वाले देवेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी बहन पूनम की शादी 18 साल पहले कुलदीप नाम के युवक से हुई थी। देवेंद्र के अनुसार, कुलदीप मजदूरी करने के साथ-साथ शराब पीने का आदी था। जिसके कारण दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। देवेंद्र का आरोप है कि दोनों के बीच विवाद हुआ और इसके बाद कुलदीप ने पूनम की हत्या कर शव को कमरे में पंखे से लटका दिया। ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके। पूनम के दो बेटे और एक बेटी है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। पूनम के पिता ने उसके पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बंगभवन घेराव के दौरान प्रदर्शनकारियों-पुलिस की झड़प, कई घायल; राष्ट्रपति का इस्तीफा मांगा

**ढाका ।** बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने बंगभवन को घेर लिया है। उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के इस्तीफे के साथ ही पांच सूत्रीय मांग की है।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। राष्ट्रपति ने हाल में बयान दिया था कि उनके पास अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के दस्तावेजी सबूत नहीं है। राष्ट्रपति के इस बयान के बाद प्रदर्शनकारियो में आक्रोश है।



इससे पहले, प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार दोपहर को राष्ट्रपति भवन पर धावा बोलने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस की प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बंगभवन में प्रवेश करने से रोकने के लिए साउंड ग्रेनेड का भी प्रयोग किया। उपद्रवियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने गोलियां भी चलाईं। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, दो लोग गोली लगने से घायल हुए और एक व्यक्ति साउंड ग्रेनेड से घायल हुआ। इस बीच प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए सेना को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। सेना ने लाउडस्पीकर का प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को बंगभवन छोड़ने का अनुरोध किया। तब जाकर स्थिति नियंत्रण में आई।

बाद में प्रदर्शनकारी रात में फिर बंगभवन की ओर बढ़े। हालांकि, सेना ने उन्हें बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने बंगभवन के बाहर धरना शुरू कर राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। बता दें कि साउंड ग्रेनेड से तेज ध्वनि करके भीड़ को तितर-बितर किया जाता है। इसके इस्तेमाल से असहनीय आवाज होती है।

> **सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति शहाबुद्दीन के इस्तीफे की मांग करते हुए केंद्रीय शहीद मीनार के सामने रैली की। जिसमें राष्ट्रपति को हटाने के लिए सात दिन का समय दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के 1972 के संविधान को रद्द करने सहित पांच सूत्रीय मांग रखी।**

सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति शहाबुद्दीन के इस्तीफे की मांग करते हुए केंद्रीय शहीद मीनार के सामने रैली की। जिसमें राष्ट्रपति को हटाने के लिए सात दिन का समय दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के 1972 के संविधान को रद्द करने सहित पांच सूत्रीय मांग रखी। प्रदर्शन में प्रमुख ढाका विश्वविद्यालय परिसर, शहीद मीनार और बंगभवन में भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के साथ-साथ विभिन्न बैनरों के तहत कई अन्य समूह शामिल हुए।

भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयकों में से एक हसनत अब्दुल्ला ने कहा कि पांच सूत्रीय मांग के तहत हमारा पहला बिंदु मुजब समर्थक (बांग्लादेश के संस्थापक नेता) 1972 के संविधान को तत्काल रद्द करना है, जिसने राष्ट्रपति को कार्यालय में रखा था। अब्दुल्ला ने कहा कि 1972 के संविधान को 2024 के जन विद्रोह की पृष्ठभूमि में एक नया संविधान लिखकर बदलना होगा। अगर सरकार इस सप्ताह तक मांगों को पूरा करने में विफल रही तो प्रदर्शनकारी पूरी ताकत के साथ सड़कों पर लौट आएंगे।

इससे पहले, बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने एक साक्षात्कार में कहा था कि उनके पास पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफ का कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है ।

## अगले सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस होंगे न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी, मंजूरी के लिए ढट के पास भेजा गया नाम

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के तीन सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशों में से अगले चीफ जस्टिस को नामित करने के लिए मंगलवार को विशेष संसदीय समिति की बैठक हुई। इस दौरान समिति ने अगले चीफ जस्टिस के रूप में न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी को चुना। कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा कि न्यायमूर्ति अफरीदी का नामांकन दो-तिहाई बहुमत के साथ प्रधानमंत्री के पास भेजा गया है।




हाल ही में किए गए संविधान के 26वें संशोधन ने न्यायपालिका के संबंध में कई बदलाव लागू किए, जिनमें से एक विशेष संसदीय समिति (एसपीसी) द्वारा तीन शीर्ष न्यायाधीशों में से चीफ जस्टिस की नियुक्ति करना शामिल था, जबकि पिछले नियम के हिसाब से सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को वरिष्ठता सिद्धांत के तहत चीफ जस्टिस नियुक्त किया जाता था।

सुप्रीम कोर्ट के अगले चीफ जस्टिस की नियुक्ति के लिए विशेष संसदीय समिति की दो दौर की बैठक बंद कमरे में हुई। संसदीय पैनल का पहला इन-कैमरा सत्र दिन की शुरूआत में संसद भवन के एक कमरे में आयोजित किया गया था। इस दौरान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) सदस्य बैठक में शामिल नहीं हुए, जिसके कारण समिति के सदस्यों को रात में फिर बैठक करनी पड़ी।

निवर्तमान चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा 25 अक्तूबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। पुराने नियम के तहत वरिष्ठ उप न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह अगले प्रमुख बनते।

हालांकि, अनुच्छेद-175ए के खंड-3 में किए गए संशोधन के बाद राष्ट्रपति 'शीर्ष अदालत के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश' को चीफ जस्टिस के रूप में नियुक्त नहीं कर सकेंगे।

# वॉलमार्ट के ओवन में मृत मिली पंजाब की महिला, कुछ समय पहले ही गई थी कनाडा

**ओटावा ।** कनाडा के वॉलमार्ट में एक वॉक-इन ओवन के अंदर सिख महिला मृत पाई गई है। 19 वर्षीय सिख महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। घटना कनाडा के हेलिफैक्स शहर में स्थित वॉलमार्ट की है। हेलीफैक्स पुलिस ने बताया कि उन्हें शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे वॉलमार्ट में महिला की मौत की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि महिला स्टोर में काम करती थी और अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।




पुलिस ने वॉक इन ओवन से ही महिला का शव बरामद किया। मैरीटाइम सिख सोसाइटी ने पुष्टि की है कि वह उनके समुदाय की सदस्य थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मैरीटाइम सिख सोसाइटी के अनमोलप्रीत सिंह ने कहा, 'यह हमारे लिए और मृतका के परिजनों के लिए बहुत दुखद है, क्योंकि वह बेहतर भविष्य की तलाश में आई थी और यहां उसने अपनी जान गंवा दी।'

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महिला हाल ही में भारत से कनाडा आई थी। जांच जारी रहने के दौरान शनिवार रात से स्टोर बंद है। महिला की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन उसकी मौत को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस पर पुलिस ने कहा है कि उन्हें ऑनलाइन लगाई जा रहीं अटकलों की जानकारी है। पुलिस ने लोगों से जांच को लेकर धैर्य बनाए रखने की अपील की। वॉक-इन ओवन, जिन्हें कैबिनेट या बैच ओवन भी कहा जाता है, यह एक पहिएदार रैक होता है, जिसमें बड़ी संख्या में चीजों को सुखाया, पकाया जाता है।वॉलमार्ट के ओवन में मृत मिली पंजाब की महिला, कुछ समय पहले ही गई थी कनाडा

कनाडा के वॉलमार्ट में एक वॉक-इन ओवन के अंदर सिख महिला मृत पाई गई है। 19 वर्षीय सिख महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। घटना कनाडा के हेलिफैक्स शहर में स्थित वॉलमार्ट की है। हेलीफैक्स पुलिस ने बताया कि उन्हें शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे वॉलमार्ट में महिला की मौत की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि महिला स्टोर में काम करती थी और अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस ने वॉक इन ओवन से ही महिला का शव बरामद किया। मैरीटाइम सिख सोसाइटी ने पुष्टि की है कि वह उनके समुदाय की सदस्य थी ।

## नसरल्ला का उत्तराधिकारी हासेम सफीद्दीन 4 अक्तूबर के हमले में ही मारा गया, इस्राइली सेना ने की पुष्टि

**तेल अवीव ।** इस्राइल ने एलान किया है कि उनके 4 अक्तूबर को किए गए हमले में हसन नसरल्ला का संभावित उत्तराधिकारी और हिजबुल्ला का नया चीफ बनने का दावेदार हाशेम सफीद्दीन भी मारा गया है। हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्ला की कार्यकारी परिषद का प्रमुख था और हसन नसरल्ला की मौत के बाद हाशेम ही हिजबुल्ला का नया चीफ बनने वाला था। इस्राइली सेना ने बताया कि सफीद्दीन के साथ ही हिजबुल्ला की खुफिया डिवीजन का प्रमुख हुसैन अली हजीमा भी 4 अक्तूबर के हमले में ढेर हो गया था।



इस्राइली सेना ने बताया कि बीती 4 अक्तूबर को बेरूत स्थित हिजबुल्ला के भूमिगत खुफिया मुख्यालय को निशाना बनाकर हमला किया गया था। यह मुख्यालय बेरूत के दाहियेह इलाके में स्थित है, जो हिजबुल्ला का गढ़ माना जाता है। आईडीएफ ने कहा कि हमले के वक्त हिजबुल्ला के खुफिया मुख्यालय में 25 से ज्यादा खुफिया विभाग के लोग भी मौजूद थे, जिनमें शीर्ष कमांडर भी शामिल थे। हमले के वक्त हाशेम सफीद्दीन भी खुफिया मुख्यालय में मौजूद था। हमले के बाद भी ऐसी खबरें आईं थी कि इस्राइली हवाई हमले में हाशेम सफीद्दीन भी मारा गया, लेकिन उन खबरों की पुष्टि नहीं हो पाई थी।

## मैकडोनाल्ड का बर्गर खाकर एक की मौत, दर्जनों बीमार, कंपनी ने इस फूड आइटम की बिक्री पर लगाई रोक

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में मशहूर फूड चेन मैकडोनाल्ड का बर्गर खाकर लोगों के बीमार होने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं बर्गर खाने के बाद अमेरिका में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और दर्जनों लोग अस्पताल में भर्ती हैं। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन विभाग का कहना है कि ये मामले मैकडोनाल्ड के बर्गर क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर से जुड़े हैं। बीमार लोगों में ई. कोलाई का संक्रमण पाया गया है।




### अमेरिका के कई राज्यों में मिले संक्रमित मरीज

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सितंबर के अंत में लोगों के बर्गर खाकर बीमार होने के मामले शुरू हुए। बर्गर खाकर संक्रमित होने के मामले अमेरिका के 10 राज्यों में मिले हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा 49 मामले कोलोराडो और नेब्रास्का जैसे राज्यों में मिले है। बर्गर खाकर लोगों के बीमार होने का असर मैकडोनाल्ड की साख पर पड़ा है और कंपनी के शेयरों में छह फीसदी की गिरावट आ चुकी है। दस लोग अभी संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### संदिग्ध हैमबर्गर और कटी हुई प्याज के इस्तेमाल पर लगी रोक

अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन विभाग ने बताया कि एक बुजुर्ग शख्स की बर्गर खाने के बाद हुए संक्रमण से जान चली गई है। जांच में पाया गया कि ई. कोलाई से संक्रमित लोगों में एक चीज सामान्य थी और वो थी कि उन्होंने मैकडोनाल्ड में क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर खाया था। जांचकताओं का कहना है कि अभी संक्रमण का सटीक कारण नहीं पता है, लेकिन जांच का फोकस बर्गर में इस्तेमाल होने वाली कटी हुई प्याज और बीफ पैटीज पर है। इन दोनों चीजों को आगे की जांच तक मैकडोनाल्ड के रेस्तरां से हटा दिया गया है। मैकडोनाल्ड अमेरिका के अध्यक्ष जो एर्लिंगर ने भी माना कि उनके क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर और कटी हुई प्याज के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है।

ई. कोलाई के संक्रमण के लक्षणों में संक्रमित व्यक्ति को तेज बुखार, दस्त, उल्टी की समस्या होती है।

## कजान में पीएम मोदी के स्वागत में घुली चक-चक की मिठास

**कजान ।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के दो दिवसिय यात्रा पर है। जहां मंगलवार को पीएम मोदी



महात्मा गांधी पर एक प्रदर्शनी देखी, जो उनकी कजान की यात्रा के अवसर पर लगाई गई थी। इस विषय में जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कजान की अपनी यात्रा के अवसर पर महात्मा गांधी पर एक प्रदर्शनी देखी।

बता दें कि कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मुलाकात की।

# ब्रिक्स समिट से पहले प्रतिनिधि देशों के प्रमुखों ने खिंचवाई ग्रुप फोटो, मंच पर साथ दिखे मोदी-जिनपिंग

**कजान ।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस के कजान में किया जा रहा है। इस सम्मेलन में शामिल लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को रूस के कजान गणराज्य पहुंचे। ब्रिक्स सम्मेलन शुरू होने से पहले सभी सदस्य देशों के नेताओं ने ग्रुप फोटो सेशन में भाग लिया। ग्रुप फोटो में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक तरफ पीएम मोदी थे तो दूसरी तरफ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग खड़े थे।




तस्वीर खिंचवाने के बाद पीएम मोदी यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातें करते दिखाई दिए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में ब्रिक्स के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समूह बैठक में अपने विस्तार पर चर्चा करेगा, साथ ही कार्यकुशलता बनाए रखने की आवश्यकता को भी ध्यान में रखेगा। पुतिन ने कहा कि उनकी इच्छा है कि 30 से भी ज्यादा देश इस समूह का हिस्सा बनें।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से अलग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर हुए समझौते की घोषणा के बाद दोनों नेताओं की इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की निगाहें हैं। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने दोनों नेताओं की मुलाकात की पुष्टि की है। दोनों नेताओं के बीच करीब पांच साल बाद द्विपक्षीय वार्ता होगी।

इससे पहले मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन ने ब्रिक्स प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के लिए संगीत कार्यक्रम और रात्रिभोज का आयोजन किया था। इस दौरान पीएम मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ नजर आए। लगभग एक साल बाद पहली बार ऐसा होगा कि पीएम मोदी और जिनपिंग एक साथ एक मंच पर होंगे। इससे पहले दोनों नेताओं की मुलाकात अगस्त 2023 में दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान ही हुई थी।

ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अमेरिका शामिल हैं। हाल ही में मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ब्रिक्स के सदस्य बने हैं। बढ़ी हुई सदस्यता के साथ ब्रिक्स दुनिया की 45 % आबादी और 28 फीसदी अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन बन गया है।

# ब्रिक्स सम्मेलन में भारत के पहुंचने से नाराज अमेरिका पन्नू के खिलाफ साजिश मामले में अब की यह मांग

**वॉशिंगटन ।** खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने के मामले में लगातार विवाद बना हुआ है।

पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप भारत पर लगाया गया। हालांकि, भारत इस बात से साफ इनकार कर चुका है। अब एक बार फिर मामला गरमा गया है। अमेरिका ने बताया कि पिछले सप्ताह भारत की जांच समिति के साथ मूल्यवान बातचीत हुई थी।

साथ ही इस साजिश के संबंध में अपनी-अपनी जांच को आगे बढ़ाने के लिए सरकारों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान किया गया था। हालांकि, उसने यह भी कहा कि हम तब तक पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होंगे, जब तक कि जांच से सार्थक जवाबदेही नहीं मिलती। अमेरिका के इस बयान से लगता है कि वह ब्रिक्स सम्मेलन में भारत के शामिल होने पर शायद खुश नहीं है।



### 'भारतीय जांच समिति अपनी जांच जारी रखेगी'

अमेरिकी विदेश विभाग के उप मुख्य प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका समझता है कि भारतीय जांच समिति अपनी जांच जारी रखेगी और पिछले सप्ताह दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के आधार पर कोई भी कदम उठाते देखा जा सकता है।

> **'भारतीय जांच समिति अपनी जांच जारी रखेगी'**
> अमेरिकी विदेश विभाग के उप मुख्य प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका समझता है कि भारतीय जांच समिति अपनी जांच जारी रखेगी और पिछले सप्ताह दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के आधार पर कोई भी कदम उठाते देखा जा सकता है।

**पिछले सप्ताह की बातचीत के आधार पर :** पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश पर भारत को अमेरिकी सरकार के संदेश के बारे में पूछे जाने पर पटेल ने कहा, 'एक कदम पीछे हटने के लिए, पिछले हफ्ते भारत की जांच समिति के साथ मूल्यवान बातचीत हुई और हमारी दोनों सरकारों के बीच जांच को आगे बढ़ाने के लिए जानकारी का आदान-प्रदान किया गया। हम समझते हैं कि भारतीय जांच समिति अपनी जांच जारी रखेगी और पिछले सप्ताह की बातचीत के आधार पर हमें उम्मीद है कि आगे के कदम देखने को मिलेंगे।'

**इस मुद्दे पर ज्यादा बात नहीं करूंगा: पटेल :** उन्होंने आगे कहा, 'हम उस जांच के परिणामों के आधार पर जवाबदेही देखना चाहते हैं। निश्चित रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका तब तक पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होगा जब तक कि उस जांच के परिणामस्वरूप सार्थक जवाबदेही नहीं होती है। इसके अलावा, मैं इस पर और अधिक विस्तार से बात नहीं करूंगा, क्योंकि यह एक ऐसा मुद्दा है जो सक्रिय है और हमारे दोनों देशों में इसकी जांच और चल रही है।

## कमला हैरिस के समर्थन में उतरे बिल गेट्स! पांच करोड़ डॉलर का दिया गुप्त दान; जानें ट्रंप को लेकर क्या बोले

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने में एक महीने से भी कम का समय रह गया है। डेमोक्रेटिक की ओर से कमला हैरिस और रिपब्लिकन ने डोनाल्ड ट्रंप को चुनावी मैदान में उतारा है। ऐसे में दोनों उम्मीदवारों को जमकर समर्थन मिल रहा। उपराष्ट्रपति को अरबपति और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स का समर्थन भले ही खुलेआम नहीं मिल रहा। मगर, गेट्स ने हैरिस की मदद करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन को करीब पांच करोड़ डॉलर का दान दिया है।




### इस समूह को दिया दान

हैरिस का समर्थन करने वाले एक फ्यूचर फॉरवर्ड नामक समूह को बिल गेट्स ने दान दिया है। यह दान गुप्त रखा गया है क्योंकि गेट्स ने डेमोक्रेट उम्मीदवार का सार्वजनिक रूप से समर्थन नहीं किया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गेट्स ने इस साल निजी बातचीत में अपने मित्रों एवं अन्य लोगों को इस बात को लेकर भी चिंता जताई कि डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति बनने पर सबकुछ कैसा क्या होगा।

### यह चुनाव अलग है

बताया जा रहा कि बिल गेट्स का परोपकारी संगठन 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' ट्रंप के दोबारा निर्वाचित होने पर परिवार नियोजन और वैश्विक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में संभावित कटौती को लेकर काफी परेशान है। हालांकि, गेट्स ने जोर देकर कहा है कि वह किसी भी उम्मीदवार के साथ काम कर सकते हैं। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव अलग है।

### 'इन मुद्दों पर जो काम करेगा उसे मिलेगा समर्थन'

उन्होंने कहा, 'मैं उस उम्मीदवार का समर्थन करता हूं जो स्वास्थ्य देखभाल में सुधार, गरीबी को कम करने तथा अमेरिका और दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखाते हैं। विभिन्न राजनीतिक नेताओं के साथ काम करने का मेरा लंबा इतिहास रहा है, लेकिन यह चुनाव अलग है। इसका अमेरिकियों और दुनिया भर के लोगों के लिए अलग महत्व है।'

# 'कब्जा की गई जमीनों को वफ्फ बोर्ड से मुक्त कराएं' : नंदकिशोर गुर्जर

## अवैध निर्माण हटा कर असली हकदारों को वापस कराएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दिल्ली के उपराज्यपाल को खत लिखा है। विधायक ने खत में मांग की है कि दिल्ली में विदेशी आक्रांताओं मुगलों और अंग्रेजों के शासनकाल में हिंदुओं का कत्लेआम कर कब्जा की गई जमीनों को वफ्फ बोर्ड से मुक्त कराएं। जमीनों से उनके अवैध निर्माण हटाकर असली हकदारों को वापस कराएं। गाजियाबाद की लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दिल्ली के उपराज्यपाल को खत लिखा। मांग कि एक जांच समिति का गठन कर राजस्व विभाग से जो मुगलों के शासनकाल में जमीन हिंदुओं से छीन ली गई थी, वह वापस की जाए। विधायक के मुताबिक वफ्फ बोर्ड के अधीन दिल्ली की उन सभी संपत्तियों के पुराने सभी दस्तावेज हासिल कर उनको पुनः देखा जाए। दिल्ली में बनी इमारत वास्तव में हिंदू राज परिवारों, किसान और आम जनमानस का कत्ल कर कब्जा की गई हैं। यह असली हकदारों को वापस लौटाई जाएं। विधायक ने आगे कहा की दिल्ली पर हिंदू धर्म के विभिन्न जातियों से आने वाले राजाओं ने राज किया था। जिनके वंशज आज भी दिल्ली और दिल्ली के आसपास रहते हैं। जिनके प्रभुत्व में लाल किला जामा मस्जिद हजरत निजामुद्दीन दरगाह तुगलगाबाद किला लुटियंस जोन पुराना किला आदि की जमीन थी। विधायक ने आगे कहा कि लोगों में गुस्सा है और इस कार्य को जल्दी से जल्दी किया जाए।

# हापुड़ में जहरीले सांप को खोज रही हैं खाकी

## डसकर ली परिवार के तीन लोगों की जान



**हापुड़।** हापुड़ के बहादुरगढ़ इलाके के सदरपुर गांव में सांप के काटने से 3 लोगों की मौत के बाद गांव में डर का माहौल है। लोग घरों में लाठी लेकर घूम रहे हैं और कुछ बच्चों को रिश्तेदारों के घर भेज दिया गया है। गांव के लोगों में वन विभाग की लापरवाही को लेकर नाराजगी है।

### परिवार के लोगों को रिश्तेदारों के यहां भेजा

पिछले 5 दिनों से गांव में एक सांप का खौफ है। इस दौरान सांप ने पांच लोगों को काट लिया, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार की रात को एक व्यक्ति प्रवेश को सांप ने काटा और अगले दिन यानी मंगलवार की रात को उसकी पत्नी ममता को भी सांप ने काट लिया। दोनों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उनकी जान बच गई। गांव के लोग डर में जी रहे हैं और जब तक सांप पकड़ा नहीं जाता, कई लोग अपने परिवार को रिश्तेदारों के यहां भेज रहे हैं। वन विभाग ने एक सांप को तो पकड़ लिया है, लेकिन जो सांप लोगों को काट रहा है, वह अभी तक पकड़ा नहीं गया है। लोगों का मानना है कि यह करैत सांप हो सकता है, जो अक्सर रात में सोते समय लोगों को काटता है। कुल मिलाकर गांव में दहशत का माहौल है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे साहब के राजनगर वाले कार्यालय पर मौजूद? हम देख रहे थे पहले ही की तरह मजबूत है कुल में दीप जलाने वाले ठाकुर साहब का वजूद? उनकी मुस्कुराहटें करा रही थीं इस बात का एहसास? आज भी साहब के दिल में जगा है उनके लिए खास? चुनाव का नहीं पड़ा है उन पर कोई भी फर्क? भले ही देने वाले देते रहें कितने भी तर्क?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको दे रहा हूं एक अंदर की जानकारी? भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने कर दिया है कुछ ऐसा? जिससे उनका जलवा होने वाला है पूरे प्रदेश भर में जारी? कहने वाले ने कहा व्यक्तिगत रूप से दे दिया है उन्होंने एक काम को मजबूती से अंजाम? जब डाटा बाहर आयेगा तब हो जायेंगे सब हैरान? सुना है पूर प्रदेश के जिलाध्यक्षों में टॉप पर आने वाला है उनका नाम? जल्द ही डाटा जारी होने वाला है? बस लगाने वाले लगायें बारीकी से ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चुनाव की बेला आ गई है पूरी तरह से पास? मगर सपा के पूर्व अध्यक्ष राशिद मलिक, पूर्व अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व अध्यक्ष मिस्टर डबास, पूर्व अध्यक्ष राहुल चौधरी की सक्रियता का नहीं हो रहा एहसास? हम देख रहे हैं पार्टी की मीटिंगों में भी नहीं दिखाई दे रहे हैं इन सबके फेस? कहने वाले ने कहा ना जाने इस खामोशी के पीछे क्या है संदेश? लगता है सरकार के आने पर ही होंगे इनके दीदार? या फिर टिकट घोषित होने के बाद करते दिखाई देंगे ये सब प्रचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बड़ी अजीब है क्रान्तिकारी धरा लोनी की कहानी? यहां पर जलवा जलाल सिर्फ विधायक जी का ही दिखाई देता है? बाकी भाजपा के चेहरे क्या कर रहे हैं समझ नहीं आ रही है कहानी? कहने वाले ने कहा हम सुनना चाहते हैं क्षेत्र में भाजपा नेता योगेन्द्र मावी, डॉ बंसल, अनिल कसाना, पवन मावी, ईश्वर मावी की मुद्दों पर आवाज? मगर इन सबमें ना जाने क्यों खामोशी धारण की हुई है बेहिसाब? कहने वाले ने कहा कभी तो तोड़ेंगे ये अपनी खामोशी की दीवार? कभी तो प्रकट करेंगे ये अपने भी विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात तो स्पष्ट है श्रीमान? सांसद अतुल गर्ग क्यों हमेशा रखते हैं अपने प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल का ध्यान? सुना है राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले कभी भी नहीं छोड़ते हैं अपना ट्रैक? विश्वास का भी बनाया हुआ है उन्होंने मजबूत रिकार्ड? यही वजह है कि सांसद अतुल गर्ग के साथ वो पिछले 7 वर्षों से प्रतिनिधि वाली जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं साहब? कहने वाले ने कहा राजनीति में किसी बड़े चेहरे से जुड़ने के बाद आ जाती है हर किसी चेहरे पर बहार? लेकिन जैसा पहले था वैसा ही आज है मैदी वालों का किरदार? इसलिए उन्हें बनाया हुआ है सांसद ने अपने प्रमुख कार्यों के लिए जिम्मेदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात तो सच है कि भले ही मैडम भंडारी का ना हो विधानसभा वाला टिकट? मगर ये अपने आप में बड़ी उपलब्धि है कि वो पहुंच गईं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए उनके निकट? कहने वाले ने कहा ये अपने आप में बड़ी है बात? ऐसा बहुत ही कम दिखाई देता है कि किसी महिला मोर्चा अध्यक्ष की हो इतनी यादगार मुलाकात? पूर्व होते हुए उन्होंने इस मुलाकात से दिया है मजबूत संदेश? करा दिया है कराने वालों को एहसास? पार्टी में हमारा है काफी पुराना फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि साईकिल पर सवार होने के लिए दिख रहा है एक हाथी वाला चेहरा बेकरार? सिंह के राज की है इनकी अदा यार? सुना है ये भी पैड़ल मारने के लिए लगा रहे हैं पूरा जोर? विशाल भैया की अगर बात नहीं बनी तो फिर इनका चेहरा भी नहीं किया जायेगा इग्नोर? हाथी वाली सियासत में इन्होंने आजमाये हैं काफी लंबे समय तक हाथ? मामला जातिगत फैक्टर पर अटका हुआ है? अगर पार्टी ने दलित कार्ड चला तो फिर बन जायेगी इनकी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रबुद्ध वाले पंकज भैया दिल की सुनेंगे या दिमाग की? अब ये तो वो ही बेहतर बता सकते हैं साहब? हमें पता चला है कुछ होनी है ऐसी बात कि उनको दिल और दिमाग में से किसी एक की सुननी पड़ेगी बात? सुना है उनका बहुत ही खास चेहरा भेजेगा उनके पास कोई बड़ा पैगाम? ये पैगाम उनके ऊपर क्या असर डालेगा? इस पर हमारी नजर है श्रीमान? हमें पता है जहां होते हैं रिश्तों के हालात? वहां पंकज भैया सुनते हैं सिर्फ दिल की बात? जिससे आना है उनके पास संदेश? वो तो उनका है बेहद खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब फिर से सुनाई देगी आईएएस-आईपीएस और बड़े बड़े नेताओं से दोस्ती वाली बात? सुना है बहुत दिनों की खामोशी के बाद कम-बैक कर चुके हैं शर्मा भाई साहब? कहने वाले ने कहा अगर वो कुछ दिनों से दूर नहीं हुए होते तो टिकट की चर्चा में भी चल रहा होता उनका नाम? मगर इसलिए वो राजनीति से दूर रहे क्योंकि पड़ गये थे उनको कुछ जरूरी काम? सुना है वापसी करते ही उनकी फिर से राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं मार रही है उछाल? सच बतायें उनके बड़ी-बड़ी बातों के बिना हमें भी हो रही थी बोरियत महसूस? कम से कम अब हमें सकून दे रहा है उनकी वापसी का वजूद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे जनरली साहब के आवास पर मौजूद? तभी हमें यहां पर नजर आ रहा था पूरी ताकत से ब्राह्मण भैया का वजूद? तभी यहां पर अचानक हुई मैडम चौधरी मैम्बर की एन्ट्री? हमने सोचा जब आमना-सामना होगा तब कुछ ना कुछ जरूर सुनाई देगी आवाज? ये तो शुक्र है कि दीदी मौके पर मौजूद थीं? इसलिए दोनों ओर से दिखाई दी शांति? हमने देखा कुछ चेहरे वहां पर ऐसे भी मौजूद थे जो कर रहे थे इस बात का इंतजार? हो जाये कोई ना कोई क्रान्ति?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने किया रामायण पर आधारित उत्सव का शुभारंभ

## राणा प्रताप हायर सैकेंड्री स्कूल लोहिया नगर ने मनाया वार्षिक उत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राणा प्रताप हायर सेकेण्ड्री स्कूल में मंगलवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष के उत्सव की थीम 'रामायण' पर आधारित थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की थीम 'रामायण' की शुरुआत हनुमान चालीसा से की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राम और रावण के बीच हुए युद्ध का मंचन रहा जिसने बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। यह आयोजन हिन्दी भवन ऑडिटोरियम लोहिया नगर में सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया ने अतिथियों को उपहार भेंट करके उनका आभार व्यक्त किया। अंत में प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके सहयोग और उत्साह के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि रामायण के आदर्श हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या द्वारा सभी छात्रों को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने के सख्त निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अवैध निर्माण पर रोकथाम हेतु कार्रवाई करने के लिए सख्त निर्देश दिये गये हैं जिसके क्रम में प्रभारी, प्रवर्तन जोन-8 के गुरुवार को उ०प्र० नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-14 व 15 के प्राविधानों के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या 45, 46 विक्रम इन्कलेव पर किये गये पार्टीशन वाल एवं उक्त भूखण्ड में लगभग 150 वर्ग गज में निमार्णाधीन एक भवन तथा भूखण्ड संख्या 551 शालीमार गार्डन एक्स.-1 पर लगभग 80 वर्ग मीटर निमार्णाधीन भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। उक्त ध्वस्तीकरण के समय सहायक अभियंता, अवर अभियंता, समस्त सुपरवाइजर स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल के साथ-साथ क्षेत्रीय पुलिस दस्ता भी उपस्थित रहा। जोन के संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा सुपरवाइजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियां जारी रहेंगी। तदक्रम में निर्माणकर्ताओं/विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में सम्पत्ति का क्रय-विक्रय न करें।

# विद्युत पेंशनर्स परिषद उप्र जनपद शाखा गाजियाबाद का अधिवेशन संपन्न







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विद्युत पेंशनर्स परिषद उप्र जनपद शाखा गाजियाबाद का 'द्विवार्षिक चतुर्थ अधिवेश' बुधवार को आर्य समाज हॉल, सेक्टर 5, राजनागर गाजियाबाद पर जोश के साथ आरम्भ हुआ। अधिवेश की अध्यक्षता ओ.पी. तेवतिया जनपद अध्यक्ष व संचालन ई. चंद्रशेखर शर्मा जनपद सचिव द्वारा किया गया। समारोह का शुभारम्भ गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ केंद्रयी पर्यवेक्षक इं. बीबी मिश्रा प्रांतीय उपाध्यक्ष, इं. कप्तान सिंह प्रमुख महासचिव व जनपद अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ साथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत किया गया। मुख्य अतिथि प्रांतीय प्रमुख महासचिव इं. कप्तान सिंह सहाय व प्रांतीय उपाध्यक्ष इं. बी.बी. मिश्रा को पुष्पाहार, अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर सदन ने सभी का बड़े जोश और उमंग के साथ सम्मान किया। 80 वर्ष का जीवन पूर्ण कर चुके 17 नं. पेंशनर्स को पुष्पाहार, अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।



### इं. ओ.पी. तेवतिया अध्यक्ष एवं इ.चंद्रशेखर शर्मा जनपद सचिव निर्वाचित

**करंट क्राइम।** सदन में सदस्यों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रांतीय महासचिव ने अपने संबोधन में सदस्यों की समस्याओं का शासन से शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन किया। तत्पश्चात् निर्वाचन अधिकारी इं. के.के. शर्मा व उपनिर्वाचन अधिकारी इं. डी.के. शर्मा ने निर्वाचन प्रक्रिया के तहत इं. ओ.पी. तेवतिया को अध्यक्ष व ई.चंद्रशेखर शर्मा को जनपद सचिव के साथ 12 सदस्य की कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर शपथ ग्रहण कराई। अंत में शांति पाठ के बाद सदस्यों को जलपान के लिए आमंत्रित कर समापन की घोषणा की गई।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये एक सच्चे कार्यकर्ता का भाव है। ये राजनीतिक सक्रियता का उदाहरण है। ये सियासी निष्ठा है जब भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश साधना ने सक्रिय सदस्य का फार्म भरा। वो भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं वो सक्रिय सदस्य हैं और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं।

# आई.एम.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन दिवसीय ए.के.टी.यू. जोनल फेस्ट 2024 का शुभारंभ






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा गाजियाबाद जोन के लिए निर्धारित तीन दिवसीय क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता श्रृंखला का गुरुवार को उद्घाटन किया गया, जिसकी मेजबानी आई.एम.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद कर रहा है। 23 से 25 अक्टूबर 2024 तक, आई.एम.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में एक मेगा स्पोर्ट्स महाकुंभ आयोजन किया जा रहा है। 40 से अधिक संस्थानों से लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल गतिविधियों में पंजीकरण कराया है। मुख्य अतिथि पंकज सिंह, सोविंदर कुमार सोलंकी, विशिष्ट अतिथि आशुतोष द्विवेदी, आई.एम.एस.ई.सी. के निदेशक डॉ. शैलेश तिवारी, डीन अकादमिक डॉ. एसएन राजन, डीन छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा और खेल क्षेत्रीय संयोजक और आईएमएसईसी खेल अधिकारी उदय सिंघटा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से उद्घाटन किया। निदेशक डॉ. शैलेश तिवारी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उन्होंने बताया कि इस क्षेत्रीय स्तर के खेल के अलावा, आई.एम.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज-गाजियाबाद ने ऑल इंडिया स्पोर्ट्स फेस्ट चक्रव्यूह नाम से अपनी खुद की खेल प्रतियोगिता का आयोजन करता रहा है, जो पिछले 14 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है।

# पुलिस ने दो वाहन चोरों को पकड़ा, चोरों के पास दो बीएमडब्ल्यू बाइक समेत 7 वाहन बरामद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना अंकुर विहार पुलिस ने शातिर वाहन चोरों के कब्जे से बीएमडब्ल्यू कंपनी की दो मोटरसाइकिल सहित सात चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। जिन्हें उन्होंने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से चुराया था। वाहन चोर भी दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए वाहनों की कीमत तकरीबन 15 लाख रुपए है।

गाजियाबाद में एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया की थाना अंकुर विहार पुलिस ने क्षेत्र में नियमित वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जब बीएमडब्ल्यू कंपनी की एक मोटरसाइकिल को रोका और उससे संबंधित दस्तावेज मांगे तो चोरों की हकीकत सामने आ गई। पूछताछ में पता चला कि ये मोटरसाइकिल चोरी की है, जिसे दिल्ली से चुराया गया था।

### दिल्ली के रहने वाले हैं आरोपी

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सनी और विजय नामक दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों आरोपी दिल्ली के करावल नगर के निवासी हैं। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने सात मोटरसाइकिलें बरामद कीं, जिनमें से दो बीएमडब्ल्यू कंपनी की हैं। पुलिस के अनुसार, ये शातिर चोर दिल्ली के विभिन्न इलाकों से बाइक चुराकर बेचने का संगठित गिरोह चला रहे थे।

पुलिस अब उनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ये मोटरसाइकिलें आखिर कहां बेची जाती थीं।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Yogi Adityanath Office · Follow
57m ·

मुख्यमंत्री श्री MYogiAdityanath जी महाराज से आज लखनऊ में जनपद गाजियाबाद के मुरादनगर विधान सभा क्षेत्र से मा. विधायक श्री अजीत पाल त्यागी जी ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर श्री राहुल चौधरी जी, श्री राजकुमार चौधरी जी, श्री गौरव हुड्डा जी, श्री संदीप त्यागी जी एवं श्री मंजीत कुमार जी भी उपस्थित रहे।

Ajitpal Tyagi



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात की सबसे खास बात ये रही कि मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी की इस मुलाकात को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऑफिशियल अकाउंट से सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। इस मुलाकात में राहुल चौधरी, राजकुमार चौधरी, गौरव, संदीप त्यागी और मंजीत कुमार भी मौजूद रहे। ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

